श्री अध्यक्ष: एक दफा इनको अंग्रेजी में पढ़ने दीजिये बाद में अगर ये चाहें तो हिन्दी में अनुवाद कर दे।

Chaudhry Rizaq Ram: I beg leave to move for the adjournment of the Business of the House for the purpose to discuss a definite matter of urgent publc importance i.e. arising because of the backing out of the Punjab Government from the agreement arrived at in the year 1976 in pursuance to an Award of the Central Government of the same year relating to the fixation of shares by half and half of Haryana and Punjab States on surplus Ravi Beas Waters.

Mr. Speaker: Has the hon. member leave of the House to move his motion?

Voices: Yes , Sir.

Mr. Speaker: The leave is granted and discussion on this motion will take place immediately after the completion of to-day's business of the House. I think it will not take too much time. यानि पहले जो बिजनैस इन हैंड है उसको कम्पलीट करके फिर इस एडजर्नमेंट मो ान पर डिस्क ान होगा। if the Government has no objection.

Rao Birender Singh: Point of order. When the adjournment motion has been admitted and the discussion has to take place imeediately after the completion of the current business of the House then adjournment motion means nothing. The adjournment motion means for the adjournment of the business of the House, so it should be discussed immediately.

Mr. Speaker: I am perfectly prepared to adjourn all the business of the House and I think, it is a very resonable request from Rao Birender Singh. मैं तैयार हूं क्योंकि मैं समझता हूं कि हरियाणा के लिये यह एक महत्वपूर्ण मामला है। मैं इसके लिये तैयार हूं ब ार्ते कि गवर्नमैंट को कोई आब्जैक ान न हो।

Rao Birender Singh: It is a question of Procedure-

Mr. Speaker: The Rule is quite clear which is as under-

"If the leave is granted, the motion, shall be takenup on the same day at the normal hour of interruption of business or if the business on the list for the day is concluded earlier; at the conclusion of the said business.....

I think this rule is absolutely crystal clear. Now I think it can be discussed just now ot at the conclusion of the days' business. The request received from Rao Birender Singh to adjourn the House immediately can be acceded to if the Government has got no objection.

स्थानीय भाासन मंत्री(चौधरी राम लाल वधवा): स्पीकर साहब, सरकार को कोई आपति नहीं है चाहे इस मो ान पर

डिस्क ान अभी भाुरू कर लो और चाहे बाद में कर लो। जैसे मेंम्बर साहेबान चाहते है, कर लो, सरकार को कोई आपति नहीं है।

Chaudhri Khurshid Ahmed: If the Government has no objection then it should be taken up immediately.

चौधरी भजन लाल: स्पीकर साहब, इसी वक्त इस पर डिस्क ान हो जाये तो ठीक है।

श्री अध्यक्ष: ठीक है, लेकिन कुछ छोटी–छोटी आइटम्ज एंजेडा पर है उनको डिस्पोज आफ करना है, मु कल से 5 मिनट और लगेंगें। The first thing is that the Finance Minister is to present the Supplementary Estimates (First Instalment) 1978-79.

चौधरी भाम ोर सिंह: स्पीकर साहब, मैंने प्रिविलेज मो ान दी थी, उसके उपर आपने क्या एक ान लिया है?

श्री अध्यक्ष: वह मुझे रिसीव हो गई है मैं इसको एग्जामिन करूंगा और उसके बाद कल फैसला दूंगा।

चौधरी राम लाल वधवा: स्पीकर साहब, पांच छः कागज बीच में और है उनको टेबल पर रखना है, इसके बाद ऐडजर्नमैंट मो ान पर डिस्क ान हो जाये।

श्री अध्यक्ष: क्यों राव साहब, आपको कोई आब्जैक ान तो नहीं है?

राव वीरेन्द्र सिंहः कोई औब्जैक ान नही है।

वर्श 1978–79 के अनुपूरक अनुमान (प्रथम कि त) पे ा करना।

Finance Minister(Shri Preet Singh): Sir, I beg to present the Supplementary estimates (First Instalment) for the year 1978-79.

वर्श 1978–79 के अनुपूरक अनुमान(प्रथम कि त) पर प्राक्कलन समिति की रिपोर्ट पे ा करना।

Mr. Speaker: The Chairman of the Committee of Privileges to please present the preliminary Report of the Committee of Privileges.

Chaudhri Partap Singh Thakran (Chairman, Committee of Privileges): Sir, I beg to present the preliminary Report of the Committee of Privileges of the Haryana Vidhan Sabha on the matter in regar to the question of alleged contempt of the House against Chaudhri Surrinder Singh, M.L.A. for making a misleading statement in the House.

Sir, I also bet to move-

That the time for the presentation of the final Report to the House be extended upto the 31st March, 1979.

Mr. Speaker: Motion moved-

That the time for the presentation of the final Report to the House be extended upto the 31st March, 1979.

Mr. Speaker: Question is-

That the time for the presentation of the final Report to the House be extended upto the 31st March, 1979.

The motion was carried

मेज पर रखे गये कागज–पत्र

स्थानीय प्र ाासन मंत्री(चौधरी राम लाल वधवा): अध्यक्ष महोदय, मैं हरियाणा नगरपालिका (सं ाोधन) अध्यादे ा, 1978 (1978 का हरियाणा अध्योद ा सं.1) मेज पर रखता हूं।

Agriculture Minister(Brig. Ran Singh): Sir, I beg to lay on the Table the Punjab Agricultural Produce Markets (Haryana Second Amendment) Ordinance, 1978 (Haryana Ordinance No. 2 of 1978)-

I also lay on the Table the 10th Annual Report of the Haryana Warehousing Corporation for the year 1976-77, as required under section 31(11) of the Warehousing Corporation Act, 1962 (Central Act 58 of 1962).

Finance Minister(Shri Preet Singh): Sir I beg to lay on the Table-

The Finance Accounts of the Government of Haryana for the year 1976-77. The Appropiration Accounts of the Government of Haryana for the year 1976-77. The reports of the Comptoller and Auditor General of India for the year 1976-77 (Civil and Revenue Receipts) of the Government of Haryana.

Sir, I also beg to lay on the Table-

The Education and Languages Department's Notification No. 10/14-78- Edu1(3)-dated the 27th June, 1978, issued under section 3 of the Haryana Official Language Act, 1969, as required under section 7 ibid.

The General Administration Department (General Services) Notification No. G.S.R. 60/Const./Art. 320/Amd. (1)78, dated the 7th June, 1978, issued under Article 320(3) of the Constitution of India, as required under Article 320(5) ibid.

The General Administration Department (General Services) Notification No. G.S.R. 66/Const./Art. 320/Amd. (2)78, dated the 16th June, 1978, issued under Article 320(3) of the Constitution of India, as required under Article 320(5) ibid.

स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा

हरियाणा तथा पंजाब राज्यों द्वारा राबी–ब्यास के अतिरेक पानी का आधा–आधा हिस्सा निर्धारित करने के सम्बन्ध में 1976 में केन्द्रीय सरकार के पंचाट के अनुसार उसी वर्श हुए समझौते से पंजाब सरकार द्वारा पीछे हटने सम्बन्धी।

Chaudhri Rizaq Ram (Rai): Sir, I beg to move-

That the House do now adjourn.

स्पीकर साहब, अडजर्नमेंट मो ान पर डिस्क ान करने के लिये अनुमति देने पर मैं आपका धन्यवाद करता हूं। स्पीकर साहब, मैं ऐसा महसूस करता हूं कि जिस मसले पर आज आपने

चर्चा करने की अनुमति दी है, वह विशय सरकार के लिये ही नहीं बल्कि हरियाणा के इस सदन के एक–एक माननीय सदस्य और हरियाणा की सारी जनता के लिए एक बहुत ही महत्वपूण्र है और दरअसल सोचा जाये तो जिन्दगी ओर मौत का सवाल हैं स्पीकर साहब, आपको तो अच्छी तरह से मालम है कि 1960 में, केन्द्रीय सरकार ने पाकिस्तान से 110 करोड रूपया देकर, सतलुज–ब्यास–रावी का पानी, पंजाब और दूसरे इलाकों के लिये प्राप्त किया था और इसके बाद इस बात पर विचार चलता रहा कि इस पानी का बंटवारा किस तरह से किया जाए। नतीजा यह था कि सजलूज, ब्यास और रावी दरियाओं में लगभग 15.85 मिलियन एकड फीट फालतू पानी है जिसको हमारा इलाका और दे ा के दूसरे भाग जिनको पानी की बहुत जरूरत है , उपयोग में ला सकते है। जिस वक्त यह फैसला हुआ कि इतना पानी फालतू है, इसके बाद सतलुज पर भाखडा डैम का निर्माण किया ओर सतलुज दरिया का जितना फालतु पानी था उसको हम इस्तेमाल करने लगें पंजाब भी करता रहा, राजस्थान भी करता रहा और हरियाणा भी करता रहा। इस पानी का बंटवारा भी केन्द्रीय सरकार ने किया था जिसमें से 0.60 मिलियन एकड फीट जम्मु एण्ड क मीर के लिये दिया गया, 8 मिलियन एकड फीट राजस्थान के लिये और 7.2 मिलियन एकड़ फीट पंजाब के लिये मखसूस किया गया। उस वक्त हरियाणा बना नही था, बल्कि पंजाब का हिस्सा था। यह कम्पोजिट पंजाब की बात है जब पंजाब को 7.2 मिलियन सकड फीट पानी अलाट हुआ था। उस वक्त भी यह सवाल उठा था कि

इस पानी को किस तरह से प्रयोग में लाया जाए, किस तरह तकसीम किया जाये। सन 1964–65 में स्पीकर साहब, पंजाब की उस वक्त की सरकार ने जब कि हरियाणा पंजाब का हिस्सा था, दो कमेटीज बनाई थी। एक हरियाणा डिवैल्पमैट कमेटी थी जिसके अध्यक्ष पंडित श्रीराम भार्मा जी थे और दूसरी हरियाणा पंजाब फूड कमेटी थी जिसमें केवल एकसपर्टस ऐसोि ायेट किये गए थे। उसके एक मैंबर एग्रीकल्चर के बहुत ही सम्मानित और माने हुये डायरेक्टर थे। एक इरीगे ान डिपार्टमैट के चीफ इंजीनियर उसके मैंबर थे और एक एस0ई0 जो ज्यादा से ज्यादा काबिल समझे जाते थे, वे भी उसके मैंबर थे। इन तीन एकसपर्ट अफसरों की वह कमेटी बनी। इस कमेटी से पहले जा`हरियाणा डिवैलपमैंट कमेटी बनी थी उसने सारी छानबीन करके अपनी रिपोर्ट दी थी कि हरियाणा के इलाकों मे ंपानी की ज्यादा आव यकता है और इस पानी का अधिकतर हिस्सा हरियाणा के प्रयोग में लाया जाना चाहिये। एक्सपर्टस की फूड कमेटी जो 1965 में बनी थी उसने भी अपनी रिपोर्ट में यह लिखा था कि 7.2 मिलियन एकड फीट पानी में से 4.8 मिलियन एकड फीट पानी हरियाणा के इलाके में इस्तेमाल होना चाहिये। (इस समय श्री उपाध्यक्ष पदासीन हुए) उपाध्यक्ष महोदय, ये जो दोनो रिपोर्टें आई, और भी तरीकों से इसकी जो छानबीन हुई उससे भी यह पता चलता है और आप भी तथा दूसरे माननीय सदस्य भी इस बात की जानकारी रखते है कि पंजाब की निस्बत हरियाणा में काफी ऐसे इलाके है जिनमें आज पानी के बगैर बडी मुि कल किसानों को भी है और इस क्षेत्र की

आर्थिक व्यवस्था में भी इसकी वजह से बडी रूकावट है। यदि ध्यानपूर्वक देखा जाए तो महेन्द्रगढ के इलाके में, गुडगांव जिला के इलाके में, जींद के इलाके में, हिसार और सिरसा जिला के इलाके में तथा और भी जो इलाके है जिमें वैस्टर्न जमुना कैनाल से पानी लगता है उनमें आप नि चय ही यह पायेगें कि वहां फसलों की पकाई के लिये पूरी तरह पानी नही मिलता।

श्री जगन नाथः डिप्टी स्पीकर साहब, यह केस सैन्टर में पूलीड करने के लिए हरियाणा की तरफ से मुख्य मंत्री जी, चौधरी भजन लाल जी ओर चौधरी वीरेन्द्र सिह जी गये थे लेकिन इन तीनों मे से कोई भी इस समय यहां पर नहीं है। क्या आप उनको बुला सकते है।

श्री उपाध्यक्षः वे अभी आ जाएगें, आप चौधरी साहब को बोलने दीजिये। (विधन)

चौधरी रिजक रामः डिप्टी स्पीकर साहब, मैंबर्ज लौबी में बहुत ज्यादा भाोर होने के कारण बडी डिस्टरबैन्स हो रही हैं । कृपया इसका कुछ इलाज करें।

श्री उपाध्यक्षः चौधरी रामलाल जी जा रहे है, आप अपना भाशण भाुरू करें।

चौधरी रिजक रामः तो डिप्टी स्पीकर साहब, मैं अर्ज कर रहा था कि हरियाणा के कितने ही इलाके ऐसे है जहां नाकाफी पानी होने की वहज से किसान बडी मुसीबत में है और

बहुत से इलाकों की आर्थिक हालत बडी कमजोर है। जहां तक वैस्टर्न जमुना ट्रैक्ट का सवाल है, जो इलाके करनाल के है, रोहतक जिला के है या दूसरे इलाके हैं जहां इस नहर का पानी लगता हैै, वहां दिसम्बर से लेकर मई जून तक, डिप्टी स्पीकर साहब, कभी दो हजार क्यूसिक्स, कभी अढ़ाई हजार क्यूसिक्स और कभी तीन हजार क्यूसिक्स पानी इस दरिया में रह जाता है जबकि हांसी ब्रांच और दिलली ब्रांच की कैपेसिटी 12 हजार क्युसिक्स तक है। तो हमारी रिक्वायरमैंट तो ज्यादा हे लेकिन इसमें केवल दो तीन हजार क्यूसिकस तक पानी रह जाता है, जिसमें यू0पी0 का हिस्सा भी है और दिल्ली को भी हम पानी देते है। इसके अलावा तीनसौ, चार सौ कयूसिक्स एबजौप र्न लौसिज इसमें हो जाते है। इस तरह से गर्मियों के महीनों में या उस वक्त जब फसल का त करने के लिये पानी की जरूरत होती है मु कल से पाचं सौ या छः सौ क्यूसिक्स पानी इस दरिया में मिलता हैं हरियाणा के इलाके में कितने ही माइनर्ज और रजबाहे ऐसे हे जिनमें दो दो महीने तक पानी नहीं पहुचंता, उनकी बारी ही नहीं आती। एक दफा बीज डालने के बाद यदि किसान को डेढ़ दो महीने तक पानी न मिले तो उस किसान की हालत क्या होगी और क्या पैदावार हो सकती है इस बात का आप खुद ही अन्दाजा लगा सकते है। यही नहीं, भाखड़ा के इलाकों में भी, जहां भाखडा नहर से पानी मिलता है, डिप्टी स्पीकर साहब, बडी दिक्कत है। वहां का इलाका रेतीला है। वहां वाटर लोगज थोड़े है। उस रेतीले इलाके मे आबपा ी ठीक तरह से नहीं होती। कितना ही

पानी खेतों में पहुंचने से पहले ही खत्म हो जाता है। इसके अलावा डिप्टी स्पीकर साहब, हमारे यहां महेन्द्रगढ़ जिले, गुडगांव जिले, झज्जर तहसी और जींद जिले के कुछ इलाके ऐसे हैं जिनमें पानी लगता ही नही है और आये साल खु कसाली ओर कहत की वहज से वहां तबाही होती है। इसके मुकाबले मेंपंजाब में पौजी ान बहुत बेहतर है। आप होि ायारपुर का जिला ले लें। वहां की परिस्थिति की वजह से वहां किसी नहर के पानी की आव यकता नहीं हैं इसी तरह जालंधर और अमृतसर के इलाके है। आज जितना पानी हरियाणा को मिलता हे उससे कई गुणा जयादा पानी उनके नहरें वहां देती है। जिसवक्त ज्वांयट पंजाब में इरीगे ान का महकमा मेरे पास था उस वक्त मुझे जांलधर और अमृतसर के इलाकें में जाने का इत्तेफाक हुआ था। मैने एक बार वहां किसानों की मीटिग बुलाई थी। मैं जब उनसे बात कर रहा था तो मैंने उनसे कहा कि ब्यास प्रोजैक्ट का काम चालू है और इसके बनने के बाद जब भाखडा में पानी बढ जाएगा तो हम इस इलाके को ज्यादा पानी देगें। यह सुन कर किसानों के चेहरे पर मुरदगी छा गई। मैंने उनसे इसकी वजह पूछी। वे कहने लगे कि हमें ज्यादा पानी नहीं चाहिये क्योकि हमारी जमीन ज्यादा पानी की वजह से खराब होने लग रही है। इस पानी को अगर आप कम भी कर दें तो भी हम राजी हैं डिप्टी स्पीकर साहब, जालन्धर के जिले में अन्डर ग्राउन्ड वाटर बहुत ज्यादा है। जहां यह पानी 1.9 क्युसिक्स पर थाउजैन्ड है वहां वाटर लौगिंग है। मैनें उस वक्त वहां का वाटर अलांउस बढानाचाहा था। मैंने इंजीनियर्ज को भी

वहां भेजा था लेकिन वहां किसी ने भी पानी नही नेला चाहा। मैंने किसानों की मीटिंग भी बुलाई। उन्होने कहा कि हमें फालतु पानी नहीं चाहिये। हमारे यहां अयूबवैलज इतने लग रहे है कि हमें नहरों कि पानी की आव यकता ही नहीं है। वहां इतनी नहरें है जिनका वाटर अलांउस एक हजार पर साढे चार क्युसिक्स से दस क्युसिक्स तक है जबकि हमारे यह केवल 2.4 क्युसिक्स है। जिस वक्त हरियाणा और पंजाब का बंटवारा हुआ, दोनेा स्टेटस अलग–अलग हुई, उस वक्त कुओं को भाामिल करके, नहरों को भाामिल करके ओर तालाबों आदि को भाामिल करके हरियाणा में पानी की इंटैसिटी 38 परसैट थी जबकि इसके मुकाबले पंजाब में 72 परसैंट थी। आज वहां यह इटेंसिटी दो सौ परसेंट तक पहुंच गई है जबकि हमारे यहां पोजी ान यह है कि एक पानी लगने के बाद सारा साल गुजर जाता है, फसलें सूख कर चली जाती है मगर पानी नहीं मिलता। तो मैं अर्ज करना चाहता हूं कि जिस वक्त यह पानी सरप्लस डिक्लेयर हुआ और आज की परिस्थिति को देखते हुये भी इसमें कोई संदेह नहीं है कि पंजाब के पास इतना पानी है, अन्डर ग्राउन्ड वाटर भी और नहरों का पानी भ कि हरियाणा उससे बहुत पीछे है और बडी भारी जरूरत हरियाणा के इलाके को पानी की है। डिप्टी स्पीकर साहब, आप गौर फरमायेगें कि इन सारे हालातों को देखते हुये आठ साल पहले सन 1970 में जो इन्डो–पाक वाटर ट्रीटी हुई थी उस वक्त से आज तक दिल्ली की केन्द्रीय सरकार ने कितनी ही कमेटियों बैठाई, तीन चार कमेटीज बैठाई है सभी ने हरियाणा का ख्याल रखने के लिये कहा

हैं उन कमेटीज से केन्द्रीय सरकार ने रिपोर्ट मांगी थी और अन्त में इक्सपर्ट कमेटी जो दिल्ली की सरकार ने बैठाइ थी उसने भी यही राय दी थी कि पानी के बंटवारे के लिये हरियाणा का ज्यादा ख्याल रखने की जरूरत है क्योंकि हरियाणा का इलाका काफी डैजर्ट है जो बिल्कुल रेगिस्तान के समान हैं वहां पर पीने के लिए भी पानी नहीं मिलता है। हरियाणा के अन्दर तो अन्डर ग्रांउड वाटर भी नहीं है। भिवानी और महेन्द्रगढ के इलाके में तो पीने के पानी के लिए कई कई मील लाने के लिये जाना पडता है। वहां पर अन्डर ग्राउन्ड वाटर लेवल बहुत नीचे हैं बरसात में थोडा बहुत पानी जमा हो जाता है। तो उसी पानी कीी पीते है, उसी पानी से सारा काम चलाते है। इस सारे हालात को ध्यान में रखते हुये केन्द्रीय सरकार ने सन 1976 में फैसला दिया कि आधा पानी हरियाणा को दिया जावे और आधा पानी पंजाब को दिया जाये। इस पानी के बांटवारे को पंजाब सराकर ने मंजूर कर लिया ओर मंजूर ही नहीं किया बल्कि आप सभी सदस्यगण को मालूम है कि एक करोड रूपया नहर खुदाई के लिये, कैरियर चैनल बनाने के लिए हरियाणा सरकार से पंजाब सरकार ने ले लिया। इस फैसले को मंजूर करने का इससे ज्यादा सबूत कोई नहीं हो सकता। पंजाब सरकार ने हरियाणा से एक करोड रूपया ले लिया और कोई भी काम आज तक भाुरू नहीं किया। जमीन भी इक्वायर करनी भाुरू नहीं की है।

डिप्टी स्पीकर साहब, आपको याद होगा पिछले बजट सै ान में हमारे मुख्य मंत्री महोदय ने एलान किया था और हाउस में फरमाया था कि पंजाब सरकार क साथ पानी के बंटवारे के बारे में हमारामुकम्मल फैसला हो चुका है। पंजाब सरकार के साथ हमारा कोइ झगडा नहीं हैं यहां पर एलान कर दिया गया कि आठ मार्च मुकर्रर कर दी गई है जिस दिन नहर का काम भाुरू कर दिया जायेगा। हमारे मुख्य मंत्री जी कस्सी से उसका महुर्त करेगें और पंजाब के मुख्य मंत्री जी उस कार्यवाही की प्रधानता करेगें। हमारी सरकार का जो यह ख्याल था कि पंजाब सरकार के साथ हमारी दोस्ती बढ जायेगी ओर ताल्लूकात बढ जायेगें लेंकिन सब चीजें उसके उल्ट हुई।

श्री भाम ोर सिंहः आन ए प्वांयट आफ आर्डर सर। मैं आपका ध्यान रूल 72 की तरफ दिलाना चाहता हूं। इसमें लिखा हुआ है–

'No speech during the debate shall exceed fifteen minutes in duration'.

Mr. Deputy Speaker: There is a proviso to it also.

Shri Shamsher Singh: There is a proviso no doubt. बाद में भी बोल सकते है और जवाब दे सकते है क्योकि he is the mover of the motion. इस मो ान पर और भी बहुत से मैंबर बोलना चाहते हैं।

चौधरी रिजक रामः जितना समय आप चाहें ले ले। मेरी समझ में नहीं आता कि चौधरी भाम ेर सिंह और पोहलू साहब के पेट में इतना ज्यादा दर्द क्यों है।

श्री उपाध्यक्षः आप इसको भाार्ट कर दे तो अच्छा रहेगा।

चौधरी रिजक रामः डिप्टी स्पीकर साहब, पंजाब सरकार ने मंजूरी दे दी और यह उम्मीद थी कि जिस पौजी ान में हरियाणा और पंजाब बना है उसी प्रकार से ताल्लुकात रहेगें और इस विशय पर किसी प्रकार का कोई झगडा नहीं होगा लेकिन वह बात सिरे नहीं चढी और आज के दिन ऐसी स्थिति पैदा हो गई है कि पंजाब सरकार ने केन्द्रीय सरकार का 1976 का फैसला मानने से इन्कार कर दिया है। पंजाब सरकार ने कहा है कि यह डिसिजन एमरजैन्सी मे लागू नहीं होने देगें। डिप्टी स्पीकर साहब, हरियाणा और पंजाब के बीच सन 1976 में जो समझौता हुआ था उसी के आधार पर करोडों रूपया नहर बनाने पर खर्च किया जा चुका है। 25 करोड़ रूपया लिंक कैनाल पर खर्च करना है और काफी रूपया और भी खर्च करना हे लेकिन पंजाब सरकार ने अभी तक जमीन भी इक्वायर नहीं की है। उनकी नीयत है कि उस पर काम चालू न किया जाये। हरियाणा को कितना भारी नुकसान हो रहा है इस विशय में उनको कोई ख्याल ही नहीं है। हरियाणा अपनी तरफ बनने वाली कैनाल पर करोडो रूपये खर्च चुका है

और पानी न मिलने के कारण काफी नुक्सान उठा रहा हैं जो पानी हरियाणा को मिलना है वह सारा यों ही खराब जा रहा है।

डिप्टी स्पीकर साहब, आप हैरान होगें और माननीय सदस्य भी इस बात पर अफसोस जाहिर करेगें कि जो सरप्लस पानी रावी और ब्यास का हरियाणा को मिलना चाहिये उसकों न पंजाब सरकार ही इस्तेमाल कर रही है और न ही पाकिस्तान इस्तेमाल कर रहा है वह पानी पाकिस्तान की तरफ यों ही बेकार जा रहा है।सारा का सारा पानी खराब जा रहा है लेकिन पंजाब सरकार उस पानी को हरियाणा को देने के लिये तैयार नहीं है। ये पडोसी और दोस्त होने के हालात है। मे। इस विशय पर जयादा न कहते हुये सभी सदस्यों से इतना ही अर्ज करनाचाहता हूं कि आज जिस मरहले पर बातचीत पहुंची है जो रवैया पंजाब सरकार ने अपनाया हुआ है, हरियाणा के एक एक आदमी को इस बात का भाक हो गया है कि केन्द्रीय सरकार ने जो सन 1976 में अवार्ड दिया था उसको लागू करने में पंजाब सरकार हर प्रकार से बाधा डालना चाहती हैं मैं आ ाा करता हूं कि हरियाणा सरकार सारी भाक्ति लगाकर इस काम को जल्दी से जल्दी पूरा करायें। अगर इस कार्य में सरकार की तरफ से कोई कोताही हुई तो हरियाणा की जनता इस जनता पार्टी को टिकने नहीं देगी। मेरा यह वि वास हे कि हरियाणा का एक एक आदमी और इस हाउस का एक एक माननीय सदस्य का सहयोग और भाक्ति सरकार के साथ है। सरकार अपनी पूरी ताकत लगाकर उस पानी के हिस्से

को ले ताकि जनता उनको मुबारिकबाद दे, महल थोथी बातें करनें से काम नहीं चलेगा। मंत्री महोदय ने यहां पर कई बार कहा है कि हम अपना पानी का हिस्सा पूरा लेगें और हर मीटिगें में भाामिल होगे। आप हैरान होगें कि पंजाब सरकार ने थी डैम पर काम भी भाुरू कर दिया है। अपने बजट मे से रूपया लेकर इंजीनियर मुकरर्र कर दिये है सारा काम चालू है और हमारी सरकार इस विशय में अभी तक चुप बैठी हुई है। हरियाणा सरकार को तो 15/20 दिन हुये कुछ जो ा आया है । हमारे मुख्यमंत्री जी ने 24–7–78 को इस बारे में बयान दिया है वरना वे तो बयान देते हुये भी भार्माते थे और चौधरी वीरेन्द्र सिंह ने तब बोलना भाुरू किया हे जब पानी सिर से उपर चला गया है वरना वे भी चुप बैठे रहैं। पंजाब सरकार सरप्लस वाटर को प्रयोग में ला रही है। उधर रावी के पानी के लिये थीं डैम पर काम चालू है। हरियाणा की सरकार को भी इस मामले पर पूरी भाक्ति लगा कर अपना हिस्सा लेना चाहिये।

Mr. Deputy Speaker: Motion moved;

That the house do now adjourn.

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू(पाई): डिप्टी स्पीकर साहब, आज रावी ब्यास का पानी हरियाणा की सारी जनता के लिये जिन्दगी और मौत का सवाल है। हरियाणा पहले ही कर्जे के नीचे दबा हुआ है और हरियाणा की जनता की खून पसीने की कमाइ का करोडों रूपया हरियाणा में एस0वाई0एल0 के लिये नहरों को

बनाने के लिये लगाया हुआ हैं। डिप्टी स्पीकर साहब, अगर सरकार समझदार होती, सरकार ने अपने दिमाग को कुछ लडाया होता, कुछ सोचा होता तो सबसे पहले नहर नावी ब्यास का पानी लाने के लिये पंजाब में भाुरू होनी चाहिये थी। पंजाब में पूरी करके तब जाकर हरियाणा में नहरें खोदनी भाुरू करनी चाहिये थी। डिप्टी स्पीकर साहब, आज करोंडों रूपया हमारे हरियाणा का लगा हुआ है और वहां से पानी मिलने की कोई उम्मीद नजर नहीं आती। पंजाब वाले इन्कार कर चुके है। पंजाब वाले पानी नही देगें जैसे कि हालात दिखाई देते है, पानी मिलने का कोई ढंग नजर नहीं आता है। पिछले सै ान में यहां पर चीफ मिनिस्टर साहब और आई0पी0एम0 साहब ने कहा था कि सै ान खतम होते ही हम जाकर उद्‌घाटन करेगें और वहां पर पंजाब में खुदाई भाुरू हो जायेगी जहां पर करोडों रूपया पहले ही जमा हो चुका है। अगर डिप्टी स्पीकर साहब, पंजाब हमें पानी नहीं देता तो जितनी हमारी नहरे ंखुदी हूई है, वहां पर सुसे ओर गीदड़ बयाएंगें और तो कोई काम की बात नही ंरहेगी। डिप्टी स्पीकर साहब, अब मैं सरकार से यह कहना चाहता हूं कि यह ठीक है कि हमारी पंजाब से साथ दोस्ती है, इस दोस्ती का ढोल सारे हरियाणा ओर पंजाब मे पिट रहा है कि चौधरी देवी लाल ओर सरदार प्रका ा सिंह बादल पक्के दोस्त है, अगर पक्की दोस्ती है और अगर पंजाब हमें छोटा भाई समझता है तेा जितने हमारे झगडे है, वे सारे के सरे एक मेज पर बैठकर हल कर लें। मैं यह कहना चाहता हूं कि इसमें पिछली सरकार भी फेल रही हे क्योकिं वह भी कोई झगड़ा खत्म

नहीं करवा सकी न चण्डीगढ का, न रावी ब्यास पानी का और न ही बाउन्डरी का। लेकिनयह सरकार भी फेल रही हैं यह झगडे हमारे खत्म नहीं हुये (विघन) हमारेवाली तो तगडी थी। हमारे वाली तो थोडे दिन ही रही। (व्यवधान) डिप्टी स्पीकर साहब, मैं यह कहना चाहता हूं कि सरकार कोई डेट मुकर्रर कर दे पंजाब के साथ समझोता करने की। हमारी सरकार सैन्टर से इन्टरफीयर करने की प्रार्थना करती हे लेकिन वह खुल्लमखुला बगावत करचुके है। पंजाब वाले यह कहते हे कि हम सैनटर की बात मानने को तैयार नहीं है। यह अकाली दल वर्किंग कमेटी का फैसला था कि हम सेन्टर की बात नहीं मानेगें। आज डिप्टी स्पीकर साहब, मामला बडा गम्भीर है, कोइ छोटा मामला नही है। आज हरियाणा की जनता , हरियाणा का बच्चा बच्चा इस बात की इन्तजार कर रहा है कि जनता पार्टी क्या नारा देती है। इसलिये डिप्टी स्पीकर साहब, मैं यह कहना चाहता हूं कि आज हरियाणा की जनता ओर हम सब सरकार के साथ है और इस वजल से हो सकता है इसमें मजबूती आये हम इनके साथ है। अगर सरकार में इस मामले में मजबूती नहीं आयी तो लग इन्हे बख्भोगें नहीं। कांग्रेस का तो जो हाल हुआ सो हुआ था, इनका इससे भी ज्यादा बुरा हाल होगा। इसलिये डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपके द्वारा सरकार से यह कहना चाहता हूं कि वे इस मामले पर बडी गमभीरता के साथ सोच विचार ले। जैसे दो सगे भाईयों की मिसाल हैं। अगर दो सगे भाई अलग होते है तो फुटी थालियों पर लटठ बाज जाये, कोई मामुली बात नहीं , खून खराबा होताह ै तब जाकर अलग

होते है जो एक मां–बाप के होते है। यहां पर तो नारा लगाया जाता हे भाईचारे का। अगर भाईचारा हे तो हमारा बंटवारा ठीकठाक और ईमानदारी से कर लें, अगर भाईचारा नहीं है तो सैंटर से रिक्वैस्ट करें कि दिन मुकर्रर कर दो, महीने का, या दो महीने का कि इस दिन तक हमें हमारा पानी का हम मिलना चाहिये। डिप्टी स्पीकर साहब, हमारे साथ बडा भारी जुल्म हे पंजाब में हमारा पानी चलता रहे और पानी पाकिस्तान में जाता रहे और हमें अपना हक न मिले। जो आदमी मर जाता है उसका हक मर जाता है लेकिन जिन्दा आदमी का कभी हक खतम नहीं होता । आपको पता है कि जुल्म करना पाप है ओर उस जुल्म को सहना महापाप है। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपके जरिये सरकार से यह प्रार्थना करूंगा कि सरकार इसमें डटकर स्टैंड लें। जहां पर सरकार का पसीन बहेगा, मेरा और मेरी पार्टी का और हरियाणा की जनता का और बच्चे बच्चे का आपके साथ खून बहेगा। हम हर लिहाज से आपका साथ देने के लिये तैयार है लेकिन पंजाब वाले हमारे भाइयों को भी यह सोचना चाहिये कि जब तुम्हारे चहां पानी वेस्ट जाता है, खराब जाता है और हरियाणा में पानी की कमी की वहज से सूखा है और फसल को पानी नही मिलता। इसलिये उनको हमें पानी दे देना चाहिय। मैं तो यह कहता हूं कि पंजाव वालों को हमें हमारा पानी प्यार से दे देना चाहिये। अगर वह पानी नहीं देते है तो मैं यह कहना चाहता हूं कि 'जस्टिस डिलेड इन जस्टिस डीनाईड' हमारे साथ बे–इन्साफी हो चुकी है और पंजाब वाले अब इसमें ज्यादा ढील न

दे। अगर पंजाब वालें हमें कमजोर समझते है तो यह उनकी गलती हैं । हरियाणा के लोग कभी कमजोर नहीं रहे है। हरियाणा के लोग हमे ाा लडाके रहे है। हमे ाा फाईटर रहे है। 1857 में अंग्रेंज को भगाने में हरियाणा का सबसे ज्यादा हाथ था। हरियाणा के लोग अंग्रेजों को भगाने वाले थे और बडे मजबूत थे। उनहोने डटकर लडाई लडी। (व्यवधान) डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपके जरिये सरकार से यह कहना चाहता हूं अपने भाई चौधरी वीरेन्द्र सिह आई0पी0एम0 से कहना चाहता हूं हरियाणा के नहर के वजीर से कहना चाहता हूं कि या तो इस मामले में ढोल बजाकर दिन धर लें तो कोई हर्ज नहीं। अगर पंजाब वालें हमें कमजोर समझते है तो हमें उनकी दोस्ती नहीं चाहिये। मेरी पंजाब में बहुतों से दोस्ती है लेकिन दोस्ती किसी हद तक होनी चाहियें अगर वे पानी न दें तो चण्डीगढ में दिन धर लों, सारे पंजाब और हरियाणा का तोड हो जायेगा। दिन धर दो, तोड हो जायेगा। दिन धर लो, तोड़ कर लेगें। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपके जरिये सरकार को यह कहना चाहता हूं कि सरकार इसमें फेल न हो, इसमें कमजोरी न दिखायें और अगर वह कमजोनी दिखाती है तो भाई राज बदल लो, तो हम तोड कर लेगें। .....(व्यवधान) 9 महीने राज चला था। हमने हरियाणा में कोई कमजोरी नहीं दिखायी थी। मैं आन दी फलोर आफ दी हाउस यह कहना चाहता हूं कि हमने इन्दिरा गांधी को सालस मानने से इन्कार कर दिया था। सन 1967 में एस0वी0डी0 की हरियाणा में सरकार थी। (व्यवधान एवं भाोर) सन 1967 में वि ाल हरियाणा पार्टी का राज था डिप्टी स्पीकर साहब,

उस वक्त चण्डीबढ का सवाल हमारे सामने आया था। उस वक्त की मजबूत ओर जालिम प्राइम मिनिस्टर इन्दिरा गांधी ने जब यह एलान किया कि चंडीबढ के मामले पर मुझे सालिस मानो तो हमने उसका यह पैगाम नामन्जूर करके नाई का छोहरा भेज कर दिल्ली वापिस भेज दिया था और यह कह दिया था कि हम हरियाणा की जनता के सामने कमजोर होकर नहीं जाना चाहते , हम मजबूत होकर जाना चाहते है। इसी वजह से ऐसी सरकार को तोडा गया।उस राज को तोडा गया। उसके बाद कमजोर राज आया जो कांग्रेसी राज था और हरियाणा के हकूक की हिफाजत नहीं कर सका। अब उससे भी कमजोर राज आ गया है। इसलिये डिप्टी स्पीकर साहब, मैं यह कहना चाहता हूं कि मौजूदा जनता सरकार इस पर डटकर स्टैंड ले हम सब लोग आपके साथ है वरना फिर आपके खिलाफ जनता लडेगी और हम भी लडेगें थैंक यू।

चौधरी हरस्वरूप बूरा(महम): डिप्टी स्पीकर साहब,

नित्त मर–मर के जी रहा हूं, जिगर की आग पी रहा हूं।

मुझे तो पानी की ि ाकायत है, दवा लिंक के सपनों की पी रहा हूं।

जो एडजर्नमैंट मो ान चौधरी रिजक राम जी ने हाउस के सामने रखा है उसके लिये उनका धन्यवाद करते हूये, मैं भी इस के उपर सिर्फ दो मिनट बोलना चाहता हूं। वैसे इस लिंक के

बारे में सब को पता है कि हरियाणा के लिये वह जिन्दगी ओर मौत का सवाल है। लेकिन उपाध्यक्ष महोदय, पंजाब ने इस लिंक के सवाल को दोबारा री–ओपन करवाने के लिये कदम उठाये है। इस वक्त हरियाणा सरकार के समने एक बडी ही अहम सवाल है। इस मामले की गम्भीरता इस बात से जाहिर है कि हरियाणा के सी.एम. साहब ने यह बयान अखबारों में दिया और हमने वह पढा कि एस0वाई0एल0 के मामले पर अगर वह फैसला हरियाणा के हक में न करवा सके तो चाहें मुझे इसतीफा ही क्यों न देना पडे, मैं इस्तीफा भी दे दूंगा। मंत्री जी यहां पर बैठे है। मैं यह चाहता हूं कि मंत्री जी यहां पर हाउस को यह अ योर करवायें कि जो करोडों रूपया भिवानी जिले के अनदर इस पानी के इसतेमाल के लिये लगाया जा चूका है, उसको बचाने के लिये वह उचित कार्यवाही करेगें। आप देखिये हरियाणा के अन्दर 25 करोड में से 21 करोड रूपया लग चुका है । 21 करोड रूपये लगाने के बावजुद भी जैसे चौधरी पोहलू साहब ने कहा कि हमें कोई हालात नजर नहीं आते कि यहां पर पानी आयेगा भी या नही। हम पंजाब वालों को बडा भाई समझते है। अगर हम बडें भाइ की बात के अन्दर वि वास नहीं करते तो वह महसूस करते है। लेकिन आज बडे भाई कि नियत में कुछ फर्क आ गया है इसलिये जो कुछ पैसा लगा उस बात को भूलकर हमें इस बात को नही भूलना चाहिये कि हरियाणा और पंजाब दो हिस्से बने और केवल एक वकफा को छोडकर इरिगे ान एंड पावर मिनिस्टर हमे ाा हरियाणा का रहा लेकिन हरियाणा की बदकिस्मती रह कि तब से

लेकर आज तक हरियाणा को पानी नही मिला। उपाध्यख महोदय, अब बात सिर्फ पानी की नही है। मैं तो केवल एक बात कहकर बैठना चाहता हूं–

लिख परदे ा किस्मत में,

वतन को याद क्या करना,

जहां बेदर्द हाकिम हो,

वहां फरियाद क्या करना।

अब सवाल फायदे का नही है।। अब तो सवाल पानी के लेने का है। मैं समझता हूं कि हरियाणा केअन्दर जनता पार्टी की सरकार ने इस पानी को लेने लिये जो कदम उठाये हे वे ठीक है और में एक मैंम्बर की हैसियत से कहना चाहता हूं कि सरकार जो भी सहयोग चाहेगी वह सहयोग हम देगें।

राव बीरेन्द्र सिंह(अटेली): माननीय डिप्टी स्पीकर साहब, रावी व्यास के पानी का मामला इतना इम्पोरटेन्ट है कि यह सै ान भ्ारू हुआ तो सैकडों की तादाद में असैम्बली के बाहर हरियाणा के किसान धना देकर बैठे हुये है। गांव–गांव में लोग परे ाान हैं। डिप्टी स्पीकर साहब, सरकार का ध्यान इस तरफ दिलाने के लिये हमने एक काम रोको तहरीक दी। आज सुबह चौधरी भाम ोर सिंह ने बताया थाकि 12.00 बजे सेकटेरी साहब को वह मो ान दे दी है। हम चाहते थे कि सरकार के उपर पूरा

दवाब डाला जाये और सरकार ने जो कुछ अब तक किया है उसका लेखा जोखा लिया जाये और उस पर नुक्ताचीनी हो। यह सरकार हरियाणा को कितना तरक्की के रास्ते पर ले जाना चाहती है, डिप्टी स्पीकर साहब, वह आज जाहिर हो गया। हम तो चाहते हे कि सरकार का साथ दे ओर यह सरकारसारी पार्टियों को साथ ले। मगर यह सरकार अपने हकूक की हिफाजत नहीं करना चाहती। मुकाबले में पंजाब हैं हम भाुरू से देख रहे हे कि अकाली दल हो या जनता पार्टी हो, ख्वाह जनसंघ के लोग है, ख्वाह सरकार है, या कोई सियासी पार्टी है, उन सब की एक ही आवाज है। वहां की सरकार सब को साथ लेती है जो बात अकाली दल की वर्किंग कमेटी करती है वही बात सरकार करती हे लेकिन यहां पर यह सरकार उलट कर रही है। आज भी लोगों को अन्धेरे में रखने की कोि ा ा की जा रही है। जब हम तहरीक पे ा करना चाहते ि कि सरकार का क्या काम था, उसको ंक्या करना चाहिये था तो वह चौधरी रिजक राम से भाुरू करवा दी। पंजाब अपने हकूक के लिए क्यों न लडें, वहां पर सब को साि लेकर चलते है ंहमें यह देखना है कि यह सरकार क्या करती है। जिस रोज से यह सरकार गद्दी पर बैठी है हम चेतावनी देते रहे है कि अकाली दल की वर्किंग कमेटी क्या कहती है पंजाब का चीफ मिनिस्टर क्या कहता है , फलां मिनिस्टर क्या कहता हे इसलिये आप यह काम इस तरह से नहीं कर पाओगे। मजबूत बनने की कोि ा ा करो। सारे हरियाणा को साथ लो लेकिन यह लोग आपस में ही लडते रहे। जो सरकार डेढ साल के अन्दर 14 दफा वजीरों को

भापथ दिलवाये वह सरकार हरियाणा और जनता के हित के लिये क्या कर सकती हैं.....

चौधरी संत कंवरः आन ए प्वांयट आफ आर्डर। डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वांएट यह है कि मसला पानी का है ये पानी के उपर ही बोले। जो हमारी पार्टी का इंडिविजुअल मामला है,उस पर न बोलें।

राव बीरेन्द्र सिंहः आपके सामने पानी का मसला है कहां? आपसे में झगडा करने से फुरसत मिले तब पानी का ख्याल आएगां। (ठाकुर बीर सिंह की तरफ से व्यवधान) मैं आपसे क्या कहूं आप तो खुद बहुत दुखी है। मैं मानता हूं कि आपके दिल में हरियाणा के लिये दर्द है (व्यवधान)। आज यदि हमं पीछे रखा गया और दूसरों की तहरीक पे ा हो गई लेकिन जहां तक हमारा फर्ज है हम उसको निभायेगें। हम हरियाणा के साथ, हरियाणा की जनता के साथ और हरियाणा की सरकार के साथ अपना फर्ज निभायेगें। जितनी दफा हमने कहा कि पंजाब ने मैमोरेन्डम दिया है कि पंजाब के साथ नाइन्साफी हुई है और यह बात अखबारों में आई लेकिन हरियाणा की सरकार कहती थी कि अखबारों पर एतबार न करो। जब भी हमने इस बारे में कुछ कहा हमको यही जवाब दिया गया। फिर पता लगा कि उस मैमेरेन्डम पर विचार हुआ है कि पंजाब के साथ क्या नाइंसाफी हुई है। हरियाणा ने कभी नहीं कहा कि हमारे साथ हुई है। हमने इनको कहा कि यह आपकी नहर पंजाब में नहीं खुद रही है। कहं से रद्दी कागज

इन्होने इक्ट्ठे करके हमें दिखा दिये कि देखिये यह नोटिफिके ान है। यह देखिये जमीन ले ली। 29 तारीख को कस्सी मानी जाएगी और कहा गया कि 8 मार्च को उद्घाटन होगा। अब साफ तौर पर बात सामने आ गई कि पंजाब एक बूंद पानी भी हरियाणा को नहीं देना चाहता। इतना जबरदस्त धोखा हो रहा है और यह सरकार न जनता को कन्फीडैंस में लेती है, न अपोजी ान पार्टीज को कन्फीडैंस में लेती है, न हाउस को कन्फीडैंस में लेती है तो फिर इनको अपना हक मांगने का क्या अधिकार बनता है। पिछले सै ानों में थीं डैम के बारे में जितनी बार भी सवाल आया ओर इनको बताया गया कि थीं डैम में आपका हम बिल्कुल काट दिया गया है, कुछ नहीं मिलेगा तो श्री वीरेन्द्र सिंह कहने लगें कि थीं डैम में हम अपना हक लेकर रहेगें। डिप्टी स्पीकर साहब, रावी बयास में हमें अपना हक नहीं मिल रहा है, थीं डैम में नही मिल रहा है। हमने हमे ाा ही यह कहा कि 3.5 एम0ए0एफ0 पानी हमें मन्जूर नहीं है, चण्डीगढ का जो फैसला किया गया है वह हमें मन्जूर नहीं था। हमारी पार्टी ने हमे ाा ही यह कहा कि हमारा हक जयादा पानी का है। चण्डीगढ हरियाणा को मिलना चाहिये था। फाजिल्का अबोहर तो 1966 में ही हरियाणा को मिल जाने चाहिये थे। रोपड की खरड तहसील 1966 में हरियाणा को मिल जानी चाहिये थी। भााह कमी ान ने हमारे हक में फैसला दिया था। इन चीजों के बारे में इसी असैम्बली का रेजोल्यु ान है और वह रेजोलू ान आज तक कायम है कि यह सरकार कौन–कौन से इलाकों को लेकर रहेगी। यह

रेजोलू ान चौधरी राम लाल वधवा ने पे ा किया था और यह इस असैम्बली का यूनानिमस रेजोलू न था। मैं कहना चाहता हूं कि जब से चौधरी रामलाल वधवा वजारत में आये है इन्होने क्या किया? इस असैम्बली की सरकार को हिदायत थी कि जब तक अबोहर, फाजिल्का, चण्डीगढ, खरड, डेरा बसी, लालड के इलाके वापिस नहीं ले लेगी यह सरकार और यह असैम्बली चैन से नहीं बैठेगी। लेकिन वही लोग जो रैजोलू ान पे ा करने वाले थे, वजारत में आने के बाद उस रेजोलू ान का नाम नही लेते। अगर हरियाणा की जनता के सामने जाने का आपका मूंह है तो कल ही पिछले रेजोलू ान को रद्द करने का एक रेजोलू ान लाओ। आप लोगों से छुपते क्यों हो। प्राईम मिनिस्टर के यहां बडी मीटिग्ंज हुई। मैं भी देख रहा था कि कोई हमसे भी पूछे। कभी चौधरी वीरेन्द्र सिंह दिल्ली घूम रहे है, कभी दिल्ली में चौधरी भजन लाल घूम रहे थे (व्यवधान)। चौधरी भजन लाल ने मुझ से कहा कि हमारे साथ दिल्ली चलो। मैंने कहा कि मैं साथ हूं लेकिन चौधरी भजन लाल आप तो इरिगे ान मिनिस्टर नही है आप लोग प्राईम मिनिस्टर और बाबू जगजीवन राम के पास कैसे घूम रहे है। यह तो चीफ मिनिस्टर का काम हैं।

अगर हमारे चीफ मिनिस्टर इस चीज को सिरीयसनेस देखते तो क्यो न अपनी टीम को लेकर जाते। डिप्टी स्पीकर साहब, कैनाल लिंक के लिये उसकी रिमांडलिग के लिये 21 करोड रूपये की इतनी बडी रा ि ा खर्च हो चूकी है, इसी प्रकार नेहरू

कैनाल के उपर भी बहुत खर्च हो चुका है। लोहारू, जूई,सिवानी कैनालज है, ये सारी हिसार के इलाके से होकर जाती है। वेस्टर्न यमुना कैनाल का पानी रोहतक, भिवानी हिसार गुडगांव, महेनद्रगढ, जीन्द वगैरह हो कर जाता है। इस तरह से लोगों को यह उम्मीद हो गई कि हमें पानी अव य मिलेगा लेकिन आज क्या है किसी भी गांव में जाने को साफ रास्ता नहीं है, हरेक गावं में खाई खोद दी गई है। और उसका क्या नतीजा हुआ, आधी जमीन इधर चली गई और आधी जमीन उधर चली गई। जमीन की ऐसी बुरी हालत हो गई है कि वहां खेतों तक गाडी और बैल तक नहीं जा सकते ओर न ही वहां तक एक बूंद पानी की जा सकती है।

स्थानीय भाासन मंत्री(चोधरी राम लाल वधवा): वह तो कांग्रेस राजय की प्रगति है।

राव बीरेन्द्र सिंहः अब आप हमारे मुहं से कहलवा कर ही रहोगें। मैं यह नही कहता कि कांग्रेस राज्य में बहुत अच्छे काम हुये है लेकिन मैं इतना कह सकता हूं कि जो काम कांग्रेस राजय ने कर दिखाया , आधा पानी लेकर अवार्ड लेकर दिखाया वह हिम्मत आप लोगों में नहीं हो सकती, न ही आप लोग उतना काम कर के दिखा सकते है।

चौधरी राम लाल वधवाः आप तो पांच साल तक पार्लियामैंट में बैठे रहे ,हरियाणा के हक के लिये आपने तो एक लफज भी नहीं कहा।

राव बीरेन्द्र सिंहः चौधरी राम लाल जी, मैं पार्लियामैंट में न होता तो यह आधा पानी भी न मिलना था। आप तो इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट बनाओ और म्यूनिसिपल कमेटियों से राज करो आपको पानी से क्या मतलब। आप जो हमें बोलने से टोक रहे हो, मैं तो उसका जवाब दे रहा हूं। यह काठ की हांडी बार–बार नहीं चढेगी (ाोर एवं व्यवधान)

श्री दीप चन्द भाटियाः डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा पवांयट आफ आर्डर है। यह जो राव साहब बोल रहे है, मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि जब वे पार्लियामैंट में थे उस वक्त इन्होने वहां पर हरियाणा के हक के लिये क्या किया था उस वक्त तो ये इन्दिरा गांधी की गोद में बैठे हुये थे। अब यह यहां पर यूं ही भाोर मचा रहे है कि मैने हरियाणा के लिये यह किया, वह किया।

राव बीरेन्द्र सिंहः मैं जहां था, अब भी वहां हूं, हरियाणा की जनता इसको भली प्रकार जानती है लेकिन फरीदाबाद के आदमियों को इसका क्या पता। सो मैं अर्ज कर रहा था कि ट्रेजरी बेचिंज की तरफ से बडी मजबूत बातें कही जाती है कि हमारे चीफ मिनिस्टर साहब ने यह कह दिया कि अगर हरियाणा के साथ किसी भी प्रकार की कोई बेइनसाफी हुई तो मैं इस्तीफा दे दूंगा। अगर उनका सचमुच यह स्टेन्ड है तो मैं उनकी इजजत करता हूं, ऐसे मामलेमें हम उनके साथ है और कल को यह कह देना कि जो कुछ हो गया में तो उसको भी इन्साफ समझता हूं, ऐसी बात को बर्दा त नहीं किया जायेगा। भाअिया

जी, जो केन्द्र का अवार्ड था उसको मैंने पार्लियामैंट में बैठकर पक्का करवाया था। अगर आप यह सारा कुछ करवा लेते है तो बडी खु ाी की बात हैं जैसा कि आज हिन्दुस्तान टाइम्ज में इ ाारा है कि हम कभी नहीं मानेंगें, इस मामले पर दोबारा विचार नहीं होगा जोकि सरकार की तरफ से खबर है कि हरियाणा सरकार बडी होपफुल है कि अगर इस पर दोबार विचार हुआ तो हरियाणा को ज्यादा पानी मिल सकता है। इसका क्या मतलब हुआ? हम तो इसका यह मतलब समझते है कि आपने इस अवार्ड के उपर रि–कंसिडरे ान करना मान लिया है अगर आपने इस अवार्ड को रि–आपेन करना मान लिया है तो आप इस हाउस में बताएं और हरियाणा की जनता को कांफीडेन्स में ले कि आपने किस बिना पर विचार करने के लिये हां कर ली है क्या मजबूरियां भी आप को जिसके कारण आपने हां कर ली है, क्या दबाव था आपके उपर, इस बारे आपको इस हाउस में और हरियाणा की जनता को बताना होगा। मैं तो यह कहूंगा कि यह सरकार का मामला नहीं है यह तो जनता का मामला है। जनता ने यह सरकार बनाई है, जनता से ही इस सरकार ने ताकत हासिल की है। हम मुट्ठीभर लोगों को जनता ने इस कोने में बिठा दिया हैं। अगर हम और कुछ नहीं कर सकते , हम यहां पर बोल नहीं सकते है हरियाणा के हक के बारे में अगर हमारी आवाज को ये बन्द करना चाहे हम रेजोलयू ान पे ा करना चाहते है तो हमारा रेजोल्यू ान पे ा न होने दे। बीच में ही टोकते रहे, सही बात करना चाहे तो सही बात न करने दे, न स्वयं कुछ कहें, तो ऐसे

हालात के अन्दर मैं तो यह कहता हूं कि अगर आप हमं नही सुनोगे तो हमं बाहर जनता सुनेगी। आपको जनता को तसल्ली करवानी पडेगी। हम तो यह चाहते है कि हरियाणा की हक की लडाई में सभी साथ मिलकर लडो, हम सब आपके साथ है, लेकिन यह नहीं हो सकता कि जो आपकी कमियां है हम उनको आपके सामने यहां पर न रखें और आप जनता को गूमराह करते रहे। अगर आज यहां पर इस वक्त चीफ मिनिस्टर बैठे होते तो मैं पूछता जैसा कि उन्होने पिछले सै ान मैं कहा था कि आप बोलो मत, बोलने से हमारे केस की खराबी होती है, हरियाणा का केस बिगड़ता है, आज वो बैठते तो मैं पूछता कि क्या अब भी न बोलूं? हम ने उस वक्त कहा था कि वह 'हिन्दी–चीनी' वाली दोस्ती निभेगी नहीं, वही बात आज हो रही है अगर आप अपनी हिम्मत से लडना चाहते हो तो आप लड़ो, हम सब आपके साथ है, आप हमें उसका नतीजा दिखला दो, हम आपके पूर समर्थक रहेगें, अगर हरियाणा की भलाई के लिये कुछ न हुआ तो हम पूरी तरह से कि्टीसाईज करेगें और जनता आपसे जवाब मांगेगी। इन लफजों के साथ मैं डिप्टी स्पीकर साहब आपका भाुकिया अदा करता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया।

चौधरी उदय सिंह दलाल(बादली): डिप्टी स्पीकर साहब, सबसे पहले तो मै आपका भाुकिया अदा करता हूं कि आपने मुझे समय देने में इन्साफ से काम लिया हैं राव साहब ने चौधरी जिक राम जी के रेजोल्यू ान पर यहां पर बहुत कुछ कहा है, हम

उनकी इज्जत करते है लेकिन मैं उनको यह बता देना चाहता हूं कि हरियाणा का जो पानी का हक है, इस बारे हरियाणा का जो समझोता हुआ है, वह यूं का तूं कायम है, इस बारे किसी भी आनरेबल मैंबर या किसी बाहर के आदमी की दो राय नहीं हो सकती। हमारे माननीय मुख्य मंत्री महोदय और दूसरे मंत्री महोदय इस मामले में, हरियाणा को अपना पूरा भोयर दिलाने केबारे में जितनी जयादा से ज्यादा कोशिश हो सकती है, कर रहे है। मेरे विचार में इस बारे में जितनी हमारी पार्टिया है, सब एक है और मुझे आशा है कि वे इस मामले में एक ही होकर रहेगी और सदा ही अपने हरियाणा के हक के लिए लडती रहेगी। कई लोगों ने चण्डीबढ के मामले को उठाकर दोनों स्टेओं के प्यार को बिगाडने की जो कोशिश की है, वह कोई अच्छी बात नहीं थी। उस वकत बहुत से लेाग मारे गये। फायरिगं हुई, झगड़े हुये ओर उन झगडों का नतीजा क्या हुआ? यह हुआ कि चण्डीगढ का किराया हम दे रहे है। ज्वांयट पंजाब में चण्डीगढ में पंचायत भवन बलाक समितियों ओर पंचायतों के फंड से बना था लेकिन अब कोई बाहर का आदमी आकर उसमें नही रह सकता बल्कि इस झगडे की वजह से सैंट्रल गवर्नमैंट के कब्जें में हमने दे दिया। इसलिये यह जो पानी का झगडा है इसको इस तरीके से टेक–अप करना चाहिये कि हमारी ओर पंजाब की दोस्ती बनी रहे। हमें इसको पोलिटीकल इ ाु बनाकर लोगों को नहीं भडकाना चाहिये। अभी मेरे साथियों ने कहा कि पानी का केस री–ओपन हो रहा है। मैं उनको बताना चाहता हूं कि अभी तक कोई केस री–ओपन नहीं हुआ है बलिक

हमारा केस बहुत ही मजबूत है। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपकी मारफत हाउस का बताना चाहता हूं कि पंजाब के रकबें में ओर हमारे रकबें में बहुत मामूली अन्तर है। अगर किसी को यह गलतफहमी है हो कि पंजाब का रकबा ज्यादा हे और हमारा कम है तो यह गलती उसे ठीक कर लेनी चाहिये। दोनों स्टेटों का रकबा लगभग एक जैसा हैं इस पानी पर सारा पैसा जो खर्च हुआ है यह सैंटर का हुआ है। सैंटर ने 110 करोड रूपया देकर पाकिस्तान से यह पानी लिया था। इसलिये सैंटर को यह राइट हैकि जिस स्टेट कोजितना पानी चाहे दे दे। मैं अपने भाइयों को कहूंगा कि पार्टी बाजी की बात को भूला कर हमें इकट्ठा होकर इस मामले को सुलझाना चाहिये। हम इस प्रकार से सोचें कि अगर हमारा हम मारा जाता है तो उसके लिये हम सब जिम्मेदार है और अगर हमारा हक हमें मिल जाता है तो उसका केडिट भी सभी को मिलना चाहिये। हो सकता है बादल साहब की भी अपनी कुछ मजबूरी हो। वे भी समझते है कि अगर उनका थोडा बहुत पानी कम हो गया तो गड़बड़ हो सकती है। इसलिये हमें प्यार से इक्ट्ठे होकर इस मसले को सुलझाना चाहिये। पानी की आड में स्पीचें देकर लोगों के जज्बात नहीं भडकाने चाहिये। चण्डीगढ़ के मामले पर रिवाडी के अन्दर गोलियों से लोग मरवा दिये और चण्डीगढ़ लेने वालों को यह नहीं पता चला कि ये लोग कहां भाग गये? इसलिये कोई ऐसी बात न की जाये जिससे पंजाब के साथ हमारी भावना खराब हो।

(इस समय सभापतियों की सूची में से एक सदस्य चौधरी खुर ाीद अहमद पदासीन हुये)

जहां तक पानी का सवाल है इसे हम जरूर लेकर रहेगें। आपको पता होगा कि एल0आई0सी0 में कई डैड खाते पडे रहते हे और उस वजह से वह कमपनी अरबों रूपये बरतती रहती है। इसी तरह से हमारी तो कोि ा ा यह भी है कि राजस्थान में अभी कोई नहर नहीं बनी औरउसका हिस्सा पंजाब बरतता है, उस पानी को भी हम और पंजाब दोनों इस्तेमाल करें। हम तो यहां तक भी लडाई करने के लिये तैयार है इस पानी की तो बात और हैं जो पानी पाकिस्तान को जा रहा है उसके लिये तो पंजाब भी खु ा होगाी कि वह पानी पाकिस्तान में न जाये। जनता सरकार यह सोच रही है कि नहरों में पानी किस तरीके से लाया जाये। पिछली कांग्रेस सरकार ने नहरें तो खोद गेरी लेकिन पानी लाने का कोई इन्तजाम नहीं किया। मैं पिछली सरकार से यह जानना चाहता हूं कि उन्होने पहले पंजाब के एरिया में नहर खोदनी कयों भाुरू नहीं की? चण्डीगढ ओर फाजिल्का–अबोहर के फैसले के वक्त भी राव साहब वहीं बैठे थे और हम तो उस वक्त जेल में थै। उस वकत उन्होने आवाज क्यों नहीं उठाई? अब इन्होने सारे मुकदमें यहां पर लाकर रख दिया ताकि जनता सरकार तरक्की न कर सके। हम अब भी कहते है कि इस पानी के मामले में राव साहब पहल करें, हम उनके साथ है। लेकिन अगर यह लोगों को भडकाएगें तो हम इनके साथ नहीं होगें। चेयरमैन साहब, मैं तो

यह कहना चाहता हूं कि जो भी मूवमैंट चलाये वह सारी पार्टियों को कनफीडैंस में लेकर चलाएं चाहे वह कांग्रेस की पार्टी हो , चाहे वि ाल हरियाणा हो और चाहे इंडिपैंडैट हो। मैं तो यह भी चाहता है कि अगर कोई आदमी मैंबर भी न हो तो उसको भी हमें साथ लेने में हिचकचाना नही चाहिये । हमें यह लडाई प्यार से और तरीके से लडनी चाहिये। लोगों के जज्बात भडकाने के लिये जो लोग लडाई लड़ेगें उनका ऐंड अच्छा नहीं होगा। धन्यवाद।

श्री बलदेव तायल(हांसी): चेयरमैन साहब, सबको विदित है कि जो हमारी पानी की समस्या है यह बडी गम्भीर है। हरियाणा में भाुरू से ही पानी की किल्लत है। आज के दिन भी हरियाणा के अन्दर कइ ऐसे इलाके हे जहां नहरी सिंचाई का तो प्र न ही नही उठता परन्तु पेय जल की भी कमी है। वहां बरसात का पानी जमा कर लिया जाता है और एक अरसे तक वह इस्तेमाल होता है। गर्मियों के अन्दर हालत यह होती है कि उसी पानी के अन्दर प ा नहाते है और उसी को पीने के लिये इसतेमाल किया जाता है। ऐसी हालत आज हजारों गांवों में है। इन हालात के अन्दर हरियाणा किसी भी कीमत पर अपने हिस्से के पानी को दूसरे प्रान्त को देना अफोर्ड नहीं करसकता है। और न ही देना चाहता है। जहां तक हमारी सरकार का संबंध है मैं यह समझता हूं कि जनता पार्टी की सरकार ने इस विशय में जो–जो कदम उठाये है, वे ठीक और सही उठाये है। जब तक कोई भी पार्टी किसी बात से इन्कार नहीं करती तब तक झगडें का प्र न ही नहीं उठता।

बार–बार अखबारों में बादल साहब के स्टेटमैंट आते रहे है और वे हरियाणा को यकीन दिलाते रहे है कि हम हर कीमत पर पानी के एवार्ड को इम्पलीमेन्ट करेगें सदन में हमारे मुख्य मंत्री जी ने जो ऐ योंरेजि दिलवाई वे लगभग पूरी हो चूकी है। इन हालात के अन्दर कोई भी सरकार या कोई भी पार्टी यह किस तरह कह सकती हे कि दूसरी सरकार या दूसरी पार्टी जो वचनबद्ध है वह अपने कहे हुये से मुकर जायेगी। हमारी हरियाणा सरकार हर वक्त सजग रहती है ओर उसने यहां तक कहा है कि हम किसी भी कीमत पर अपने पानी के हिस्से को छोडने के लिये तैयार नही है। इस संदर्भ में यह बात जरूर है कि पंजाब ने भाुरू से हरियाणा के साथ उचित व्यवहार नहीं किया । इसी कारण की वजह से पंजाब,हरियाणा और हिमाचल बना। इसके बाद जब भी कोई एवार्ड होता रहा तो उसको इम्पलीमैंट करने को कोि ा ा नहीं की गई। अगर कोई कोि ा ा होती भी थी तो वह खटाई में पडी रहती थी। आज जो कहते है कि यह सारी जिम्मेदारी जनता सरकार की है उनको यह बव य सोचना चाहिये कि पिछले 30 सालों में कितने एवार्ड हुये ओर उनमें से कितने इम्पलीमैंट हुये। जनता पार्टी कीसरकारकेवल एक वर्श से हे, वह उन सारे फैसलों को एक दिन में कैसे इम्पलीमैंट करवा सकती है? इसके साथ–साथ मै यह भी अर्ज करता हूं कि कोई भी सरकार बने, वह हरियाणा के हितों का पूराख्याल रखे। जो पुराने फैसले है उनको अव य इमपलीमैंट करवाना होगा। पानी की समस्या बहुत बडी समस्याहै लेकिन जो अबोहर फाजिल्का की समस्या है वह एक छोटी सी समस्या है और

मेरे ख्याल में राव साहब की हिस्टरी में भी वह समस्या भाामिल होगी और उसके बाद कांग्रेस मिनिस्टरी की हिस्टरी में भी भाामिल होगी।

असैट्स एंड लायबिलिटीज का बंटवारा 60:40 के हिसाब से हुआ है लेकिन लैजिस्लेटर्स हौस्टल के कमरे हमें पूरे नहीं मिले, फलैट पूरे नहीं मिले। क्या मैं इनसे पूछ सकता हूं कि जो इतनी देर से यहां पर भाशण दे रहे है, उनकी सरकारें अपने लैजिस्लेटर्स के लिये कमरे और फलैट क्यों नहीं ले सकी.....?

राव बीरेन्द्र सिंहः हां, आप सारे चण्डीगढ़ पर कब्जा कर लो। उस वक्त तो किसी की हिम्मत नहीं थी कि हरियाणा को इन्कार कर देता।

श्री बलदेव तायलः लैजिस्लेटर्स होस्टल के 10 कमरे उनके पास ज्यादा है, फलैट भी ज्यादा है, और कई सालों से उन्होने कग्जा कर रखा हैं मैं केवल इतना ही कहना चाहता हूं कि बजाये इसके कि सरकार को परे ाान किया जाये , सारी पार्टियों, सारे लैजिस्लेटर्ज और सरकार, एकजुट होकर फैसला करें कि किसी कीमत पर भी पानी के इस मसले पर कोइ कम्परोमाईज नहीं होगा। हर कीमत पर हरियाणा अपने पानी की एक एक बूंद लेकर रहेगा। मुझे पूर्ण वि वास है कि हम अपने उद्दे य की पूर्ति के लिये कामयाब होगे। प्रधान मंत्री इसमें मदालखत कर रहे

है और मुझे पूर्ण वि वास है कि हरियाणा के साथ किसी प्रकार का अन्याय नहीं हो पायेगा।

श्री कन्हैया लाल पोसवाल (छछरौली): चेयरमैन साहब, मै उन बातों को नहीं दोहराउंगा जो पहले हाउस में कही जा चुकी है। सैन्ट्रल गवर्नमैंट ने रावी व्यास के पानी पर हमें अवार्ड दिया और मैं चीफ मिनिस्टर साहब से और मंत्री साहब से, यानि सारी गवर्नमेंट से दरख्वास्त करूंगा कि यह अवार्ड री–ओपन न होने पाये। हमें खतरा है कि अगर यह री–ओपन हुआ तो हमें और भी घाटे में रहना पडेगा। इस हाउस के मैंबरान और जनता की राय है कि यह री–ओपन न होने पाये, नहीं तो हमारे साथ धोखा जो सकता है। पंजाब की बहुत बडी लौबी है बडा जोर है इसलिये री–ओपन नहीं होना चाहिये। हम गवर्नमेंट की मदद करना चाहते है और गवर्नमैंट को किसी आकवर्ड पोजी ान में नहीं डालना चाहते लेकिन हम सबसे पहले यह चाहते है कि चीफ मिनिस्टर साहब, सैन्ट्रल गवर्नमैंट से जो बात करेगें, उस में हाउस को कान्फिडैंस में जरूर लें, क्योंकि हो सकता है हम उनको कोई अच्छी सुजै ान दे सकें। हाउस के पांच सात मैम्बरान की एक कमेटी बना दी जाये जिसके सामने सैन्ट्रल गवर्नमेंट से बातचीत की जाये ताकि यह माना जा सके कि सैन्ट्रल गवर्नमेंट के मिनिस्टरों ने क्या बात कही, पंजाब गवर्नमैंट का क्या स्टैंड है और इन सब बातों को सुन कर आपको कोई अच्छी सुजै ान दे सकें। हो सकता है कोई नेक राय मिल जाये। इस भावना से न देखा

जाये कि हरियाणा और पंजाब के अन्दर कोई झगडा हो रहा है। झगडे की भावना से हम बिल्कुल नहीं सोचते, हम सोचते है कि सारा हिन्दुस्तान एक है और जो अवार्ड हमें मिल चुका है उसको इमपलीमैंट करवाने के लिये हम बस को इक्ट्ठे होकर लड़ना चाहियें।

श्री भाम ोर सिंह (नरवाना): चेयरमैन महोदय, मेरे से पहले बोलने वाले साथियों ने , रावी ब्यास के पानी के सम्बन्ध में कई किस्म की बातें कही। चेयरमैंन महोदय, कांग्रेस पार्टी ने पिछले 30 साल तक राज किया और इसका राज हरियाणा में ही नहीं बल्कि सारे हिन्दुस्तान पर रहा। इस राज की जो कर गुजारियां है, अचीवमैंटस है, उनको सदन में डैनीग्रेट करने की कोि ा ा की गई। मैं इन सारी बातों में नहीं आउंगा, लेकिन इन सारे दोस्तों की एक बात का उत्तर जरूर देना चाहता हूं। यहां पर इस बात की नुक्ताचीनी की गई कि नहर पहले उधर से खुदनी चाहिये। इधर से नहीं खुदनी चाहिये थी। मैं इनसे कहना चाहता हूं कि भाुक करो, नहर उस सरकार ने खोद दी। अगर आज पानी मिल भी जाये तो आप इस नहर को 20 साल तक भी नहीं खोद सकते, मौजूदा सरकार खोद नहीं सकती। चेयरमैन साहब, आप अच्छी तरह से जानते है कि जब पानी हरियाणा के इलाके में रिसीव करना है तो नहर का बनना बहुत जरूरी था। इनकी दलील है कि पानी आ जाये और पानी आने के बाद नहर खोदनी भाुरू की जाये। भला ऐसा भी कभी होता है? पानी के लिये, बिजली के

लिये सारा स्ट्रक्चर पहले तैयार करना पड़ता है तब कही पानी या बिजली को रिसीव कर सकते है। उस सरकार ने बिल्कुल ठीक किया है और हरियाणा में डिवल्पमैंट के काम कियें। नहर खोदी है, इरीगे ान प्रोजैक्ट भाुरू किये और हरियाणा की पूरी सेवा की है।। मोजुदा सरकार को हमारी अचीवमैंटस को मानना चाहियें आज रावी–व्यास के पानी का डिस्पयूट है। चेयरमैंन साहब, मौजूदा सरकार से हमें एक गिला है ओर वह यह है कि आपस के झगडों की वजह से अपनी ना अहलियत नहीं कर सकी। रावी–व्यास के पानी का मसला हरियाणा के लिये बडा सीरियस मामला है , इसको दोबारा टेक–अप करने का सवाल ही पैदा नहीं होता। सरकार कनफ्रन्टे ान से बचना चाहती है और जो इ I था, मसला था उसकी तरफ से इस तरह आखें बन्द कर लेती है जैसे कबूतर बिल्ली को देख कर आंखे बन्द कर लेता है जो कुछ सरकार को करना चाहिये था। वह नहीं किया। सरकार का केस क्या है? लीगल तौर पर, और हिस्टोरिकल तौर पर जो इस पानी की बैकग्रांउड है, उसका जिक्र चौधरी रिजक राम जी ने किा हैं ज्वायंट पंजाब में एक कमेटी बनी थी और जिसने यह रिपोर्ट दी थी कि 3.8 मिलियन एकड फीट पानी हरियाणा को दिया जाए। उस कमेटी ने 3.8 मिलियन एकड फीट पानी हरियाणा को देना मंजूर किया था। हरियाणा का लीगल तौर पर, टेक्नीकल तौर पर क्या केस है इसके लिये कोइ पमफलैट, कोई ब्रोचर सरकारतैयार नहीं कर सकी ओर हरियाणा के लोगों को प्रोपरली एजुकेट नहीं कर सकी और यही कारण है कि लोग अन्धेरे में है। दूसरी बात

यह है कि 26 तारीख से पहले प्राइम मिनिस्टर साहब से जो मीटिंग हुई थी, उस मींटिंग में हरियाणा में मुख्य मंत्री और दूसरे वजीर साहिबान बातचीत करने गये थे। उनको यह पता ही नही था कि मीटिग का ऐंजडा क्या है उस मीटिंग में एस0वाई0एल0 के बारे में बात होनी है, या कैरियर चैनल के बारे में बात होनी है, उनको खुद इस बात का इल्म नहीं था कि ऐजंडा क्या है? किस विशय पर बातचीत होनी है। हम सब लोगों ने यह बात कही कि हरियाणा का पानी का हिस्सा 3.5 मिलियन एकड फीट है, यह नैगोि ाएबल नहीं है, यह फैसला फाइनल हो चुका है, इस पर अपने कोई बात नहीं करनी है। उस वक्त सरकार ने यह स्टैंड लिया। दो रोज पहले जो मीटिंग हुइ थी, उसमें हरियाणा के इस सवाल पर प्राईम मिनिस्टर साहब को, सैन्ट्रल गवर्नमैंट को बडी भारी गलतफहमी है, ऐसा अखबारों से जाहिर होता है ओर यह हरियाणा के लिये बडी नुकसानदेह बात है। हरियाणा के मुख्य मंत्री ने चिट्ठी लिखी है कि हरियाणा गवर्नमैंट पानी के भोयर के बारे में बात नहीं करना चाहती क्योकि फाइनल फैसला हो चुका है। लेकिन किसी वजह से हरियाणा का केस, प्राईम मिनिस्टर को हरियाणा गवर्नमेंट प्रोपरली पुट नहीं कर सकी जिसकी वहज से प्राईम मिनिस्टर को गलतफहमी थी। उन्होने इस पत्र का जवाब दिया कि अगर नहर की खुदाई की बात हे तो आप ऐसा कानून बता दें जिसके तहत नहर खुद सके। नहर खोदने की बात करनी है तो श्री बरनाला जी से करें। वह मीटिग खत्म हुई। इसके बाद अखबारों में जो खबर छपी आससे यह जाहिर होता है कि

हरियाणा सरकार दोबारा इस मसले को री–ओपन करने के लिये सहमत हो जाये मैं इस बात पर ज्यादा नहीं बोलना चाहता क्योंकि मेरे से पहले श्री पोसवाल साहब ने और दूसरे मैम्बर साहिबान ने काफी कुछ कहा है। हरियाणा सरकार को इस बात पर स्टिक करना चाहिये, इस फैसले को काफी देर हो चुकी है, केस काफी डिले हो चुका है और इसको री–ओपन करने का सवाल ही पैदा नहीं होता। जहां तक लीगल पोजी ान का ताल्लुक है, चेयरमैंन साहब, पंजाब री–और्गेनाईजे ान एक्ट के नीचे सैन्ट्रल गवर्नमैंट फैसला करेगी। जब पहले यह फैसला हुआ था उस वकत दोनो पार्टियों से म ावरा करके, सलाह करके 1976 में, सैन्ट्रल गवर्नमैंट ने, यानि प्राईम मिनिस्टर ने अवार्ड दिया था कि हरियाणा ओर पंजाब को आधा –आधा पानी दिया जाये और उनका जो फैसला हे वह बकायदा पंजाब रीआर्गेनाजे ान एक्ट के तहत है(17.00 बजे) जिसमें सैन्ट्रल गवर्नमैंट को इस बात का अख्तियार है कि वह डिसप्यूटिड मामले के बारे मे दोने। स्टेटस को कांफिडैन्स में लेकर फैसला करेगी। इसलिये सैन्ट्रल गवर्नमैंट, अगर हरियाणा रजामंद न हो, इस सवाल को री–ओपन नहीं कर सकती। चेयरमैन साहब, सवाल नैक्सट यह है कि उस नहर की पंजाब के इलाके मेंखुदाई कैसे करवाई जाये। इसके लिये बहुत तफसील में न जाकर हम सिर्फ इतनी बात कहते है कि पिछले पांच छः महीने से जब से यह मसला भाुरू हुआ है कांग्रेस पार्टी का यह फर्म स्टैन्ड है कि इस कैरियर चैनल की पंजाब के इलाके में जल्दी खुदवाइ करवाइ जाये। आज से चार महीने पहले गवर्नर हरियाणा को हमने एक

मैमोरैन्डम दिया था जिसमें यह बात कही गई थी कि हरियाणा की जो नहर है कैरियर चैनल है पंजाब के इलाके में उसकी जल्दी खुदवाई करवाई जाये।, उसके लिये सैन्ट्रल गवर्नमैंट पर जोर दिया जायें इसी महीने 9 अगस्त को जब सारे हिन्दुस्तान में 'सेव इंडिया डे' मनाया गया, हमने हरियाणा के हर डिस्ट्रिक्ट हैडक्वार्टर पर एक मैंमोरेन्डम दिया हैं उसमें एक महत्वपूर्ण बात यह है कि हरियाणा की सतलुज जमुना लिंक कैरियार चैनल को पंजाब में भीघ्र खुदायें ओर पानी को जल्दी लेकर आये। चेयरमैन साहब, आज भी हरियाणा असैम्बली के बाहर 5–6 दिनों के लिये जितने दिन आपका यह सै ान चलेगा, सारे हरियाणा के कांग्रेस के जो कार्यकर्ता है, वे धरना दिये बैठे है। (विघन)

चौधरी लाल सिंहः आन ए पवायंट आफ आर्डर। चेयरमैन साहब, सारे मुल्क की जनता की आखें में धूल डालने के लिये यह सारा प्रंपच रचा गया है। मैं यह जानना चाहता हूं कि तीस साल तक ये कंहा थे?

श्री सभापतिः यह प्वायंट आफ आर्डर नहीं है।

श्री भाम ोर सिंहः चेयरमैंन साहब, हरियाणा की कांग्रेस (आई) के कार्यकर्ता हरियाणा असैम्बली के भवन के बाहर धरना इस बात पर दिये बैठें है.....

श्री सभापतिः आप यह भी बतायें कि धरने से खुदाइ में क्या मदद मिलेगी?

श्री भाम ोर सिंहः ताकि वे हरियाणा की सरकार का, गवर्नमैंट आफ इंडिया का और हरियाणा के लोगों का इस बात की और ध्यान खीचें। आज यह हमारे लिये जिन्दगी ओर मौत का मसला है। वहां हमने स्लोगन लिखे हुये है। (विघन) जो मेरे भाई लाल सिंह जी जैसे है जिनको सिवाय मजाक के कोई और बात करनी ही नही आती, वे इस बात को नहीं समझ सकते लेकिन समझदार व्यक्ति यह महसूस करेगें कि हरियाणा के हित की बाते हमने वहां पर लिखी हुई है। हम इस मामल`में बडे सीरियस है। हम इस बात के लिये लडना चाहते है और जनता पार्टी की सरकार यदि चाहे तो हम उसका साथ भी देना चाहते है। चेयरमैन साहब, इस सम्बन्ध में मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि जब तक सैन्टर के इरीगे ान एंड पावर मिनिस्टर श्री बरनाला के पास इस बात का चार्ज हे तब तक फैसला हमारे हक में होने वाला नहीं है। वे अकाली दल के वंर्किग कमेटी के मैंबर है। अकाली दल ने एक रैजोलयू ान पास किया हे कि वे हरियाणा को न तो पानी देगें और न ही नहर की खुदाई करने देगें। चेयरमैन साहब, मुझे बरनाला साहब की जात से किसी प्रकार की आपति नही है। वे मेरे पडोसी है। लेकिन सवाल इस बात का नहीं है कि वे मेरे पडौसी है या रि तेदार है , सवाल तो हरियाणा के हित का है मेरा विचार यह है कि जब तक वे औ।र उनकी मिनिस्टरी के औफिसर्ज इस केस को हैंडल करेगें तब तक किसी का हरियाणा के हित में इम्पा र्ियल व्यु नहीं हो सकता। इसलिये हम बडी इज्जत के साथ प्राईम मिनिस्टर साहब से यह दरखास्त कर सकते

हे कि वे इस इ ू का चार्ज किसी और मिनिस्टर को दे दे, पोर्टफोलियो चेंज करने की जरूरत नहीं है।

श्री सभापतिः आपको बोलते हुये काफी टाईम हो गया है।

श्री भाम ोर सिंहः चेयरमैन साहब, में एक बात और कहना चाहता हुं। यह जनता पार्टी सरकार दूसरी पार्टीज का कितना कोआप्रे ान लेना चाहती है, कितनी उत्सुक है, कितनी कीन है इस बात के लिये कि हरियाणा का फायदा हो, उसका एक छोटा सा नमूना हरियाणा की असैम्बली में आज देखने में आया। आज देापहर ठीक बारह बजे मैने एक ऐडजर्नमैंट मो ान रावी–व्यास के पानी के बारे में आठ एम0एल0एज0 से दस्तखत करा कर सेक्रेटरी को दिया। उसके बाद उसकी एक कापी ओफिस ने टाइप करवा कर मूवर्ज को सरकुलेट को दिया। लेकिन निहायत अफसोस की बात है कि न सिर्फ सरकार ने बडी भारी पार्ि ायल्टी से काम लिया, ओछेपन से काम लिया और यह सोचा कि मो ान कौन मूव करता है (विधन)ओछापन ही है क्योकि इसने सोचा कि अच्छी बात का क्रेडिट इसे ही हों। जब सरकार ने यह देखा कि इस बारे में तो कांग्रेस वालों ने धरना भाुरू किया हुआ है ओर जब इन्होने यह मो ान भी दे दिया तो इसने अपने ही एक माननीय सदस्य से मो ान हाउस में मूव करवा दिया। (विधन)

श्री सभापतिः आपको काफी समय मिल गया है। अब आप यह पंवायट ज्यादा टच न करे।

श्री भाम ोर सिंहः चेयरमैन साहब, **********

Mr. Chairman: You cannot cast aspersion on the Speaker.

श्री भाम ोर सिंहः मैं यह बात पूरी जिम्मेवारी से कहता हूं।

Mr. Chairman: Any remarks against the Speaker should be expunged.

श्री भाम ोर सिंहः स्पीकर साहब ने यह बात कही कि उनको इस मो ान का पता नहीं था।

Mr. Chairman: Please do not cast aspersion on the Speaker. Whatever you have stated now, you shoud have objected to it at that time.

श्री भाम ोर सिंहः मैंने आब्जैक्ट किया था लेकिनउन्होने कहा कि उनको इलम नहीं है कि मो ान मिली है या नहीं। वे उसे कल कंसिडर करैगें।

Mr. Chairman: Please do not discuss the conduct of Speaker here.

चौधरी रिजक रामः चेयरमैन साहब, आन ए प्वायंट आफ आर्डर।

श्री भाम ोर सिंहः चेयरमैन साहब, **********

Mr. Chairman: There is a point of order from Chaudhri Rizaq Ram.

चौधरी रिजक रामः चेयरमैन साहब, माननीय चौधरी भाम ोर सिंह जी ने पहले भी इस बात का जिक्र किया था और वे अब दुबारा इस बात का जिक्र कर रहे है। वैसे तो इनको इस बात का एतराज नहीं होना चाहिये था लेकिन फिर भी मैं उनकी इतलाह के लिये इतना अर्ज करना चाहता हूं कि मैं इस मो ान को बारह बजने से एक दो मिन्ट पहले देकर आया हूं। इनको इस बात का मुगालता लग रहा है। हमें तो इस बात का कोई ऐतराज नहीं होता अगर ये इस मो ान को मूव करते। मैं इस मो ान को जैसा मैने पहले अर्ज किया 12 बजने से कोई एक दो मिनट पहले देकर आया था और मेरी किसी गवर्नमैंट के आदमी से, न चीफ मिनिस्टर से और न ही किसी ओर मिनिस्टर से , कोइ बात हुई थी। मैं अपनी मर्जी से इसे देकर आया था।

Shri Shamsher Singh: This is not a point of order. It is only an explanation.

Chaudhri Rizaq Ram: I am on my legs.

Mr. Chairman: He is on his legs.

चौधरी रिजक रामः चेयरमैन साहब, इनकी यह बात गलत हे कि इनकी पोजी ान को पीछे रखते हुये ऐसी बात की गई है। ऐसी कोई बात नहीं है। इसलिये मैं चाहूंगा कि आप इनको सुझाव देगें कि इस बात को ये दुबारा रिपीट न करे।(विघन)

श्री सभापतिः वे कह रहे है कि आप दुबारा इस बात को रिपीट न करे। (विघन) आप अपनी मो ान को 12 बजे देकर आये थे और ये बारह बजने से कुछ मिनट पहले देकर आये थे।

चौधरी भाम ोर सिंहः मुझे तो सरकार के बारे में डाउट है।

Mr. Chairman: That is un-founded.

Chaudhri Rizaq Ram: The Government is no-where in the matter.

Mr. Chairman: Yes, the Government is no-where in the matter.

चौधरी भाम ोर सिंहः इन सारी बातों के बावजूद भी, मैं आपके माध्यम से हाउस को यकीन दिलाता हूं कि अगर यह सरकार हरियाणा के हकुक की हिफाजत के लिये कोई कदम उठायेगी उसमें हम इनके साथ होगें लेकिन अगर कोई कोताही करेगी तो हम इसके खिलाफ लडेगें।

चौधरी हरिचन्द हुड्डा (किलोई): चेयरमैन साहब, बंटवारा से पहले सन 1944 में 25 परसैन्ट पानी हरियाणा के पास था और 35 परसैंट पानी पंजाब के पास था। हरियाणा ने इस सारे समय के दोरान जैसा कि हमें याद है ओर जिससे ये सारे भाामिल है 13 परसैन्ट पानी भी नहीं बढवाया है। हरियाणा के किसानों ने टयूबवैलों से पानी बढाया है और पंजाब ने 70 परसैन्ट तक अपनी जमीन को नहरों से पानी देना आरम्भ कर दिया है। पानी बडी पाक चीज है, इसको ना–पाक नहीं करना चाहीये क्योंकि पानी का एक ऐसा कैरेक्टर रहा है जो सब को सील ओर ठंडक पहुंचाता है। पंजाब में पानी की भाुरूआत एक ऐसे महान आदमी ने की जिसके इरादे, जिसकी बिल, जिसकी आत्मा इतनी साफ थी, जिसको ब्यान नहीं किया जा सकता। उसकी आतमा केवल पंजाब और हरियाणा के किसानों के लिये ही साफ नहीं थी बल्कि सारे हिन्दुस्तान के किसानों के लिये साफ थी। सन 1932–35 में भाखड़ा का पानी किसी इंडीविजुअल किसान के लिये नहीं था। यह सारे हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और हिन्दुस्तान के हर किसान के लिये था। इस पानी को देने के लिये सर छोटूराम ने ही प्लान बनायी थी। अगर इस पानी के मसले को लेकर कोई आदमी झगडा पैदा करता है तो उस महान आदमी की आत्मा को ठेस पहुचांता है। उसने कभी यह नहीं कहा कि हिन्दुस्तान का किसान, पंजाब का किसान या हरियाणा का किसान पानी के मसले को लेकर लडे या लड कर मर जाये। मैं इस विवाद पर उस पुराने आदमी की याद दिलाना चाहता हूं जिसने किसानो के लिये बहुत

कुछ किया हैं हरियाणा का चीफ मिनिस्टर भी यह कहता है कि मैं किसान हूं और पंजाब का चीफ मिनिस्टर भी यही कहता है कि किसान हूं लेकिन पानी के मसले पर झगडा करते है तो उस महान आदमी सर छोटूराम की आत्मा पर धब्बा है। मैं तो यह कहे बिना नहीं रह सकता कि दोनो ही चीफ मिनिस्टरों पर धब्बा हैं मैं तो पंजाब और हरियाणा के बारे में एक ही बात कहूंगा कि इस पानी के झगडें में सैन्टर न आये। इस मसले को दोनो आपस में बैठ कर निपटायें, प्यार से निपटायें क्योकि पानी के बिना खेती नहीं हो सकती और इन्डस्ट्री नहीं लग सकती। अगर इन्डस्ट्री नहीं लगेगी तो इम्पलायमैंट नहीं मिलेगी। तो पानी इतना इम्पोर्टेन्ट है जिसके बिना काम नहीं चल सकता है। हरियाणा की जमीन ज्यादा बारानी है और पंजाब की ज्यादा इरीगेटिड हैं जब हरियाणा और पंजाब के चीफ मिनिस्टर दावा करते है कि हम किसान है और किसानों की दिक्कत को समझते है तो यह पानी का मसला हल हो जाना चाहिये। उनको पता है कि किस इलोक`के किसानों को पानी की आव यकता है। एस0वाई0एल0 का पानी बडी पाक चीज है। यह पानी हरियाणा के किसानों को जरूर मिलना चाहिये। इस पानी को हम जरूर लेगें मांग कर लेगें क्यौकि पंजाब वाले भी हमारे भाई है। हम उनसे दबाव से और लड कर भी इस पानी को लेगें।

स्वामी अग्निवे ा(पूंडरी): सभापति महोदय, रावी और ब्यास के पानी के विशय पर काफी देर से चर्चा चल रही है। यह

झगडा केवल पानी का ही नहीं है, अकाली भाई तो किसी भी बात को जो हरियाणा के हक मे है, मानने के लिये तैयार नहीं है। उनकी हमे ाा ही धक्के ााही की भाशा हैं वे साफ कह रहे हे कि चाहे उनका हक है या नहीं लेकिन वे इस पानी का नहीं देगें। सैन्टर ने जो एवार्ड दिया है वह सलाह करके दिया है या बिना सलाह किये दिया है, वे इसको मानने के लिये तैयार नहीं है। वे कहते हे कि यह पानी हम नहीं देगे औरन ही कोई कैरियर चैनल बनने देगें। हमें इस झगडे को उठाने की जरूरत नहीं है क्योंकि अकाली तो समझ नहीं सकते। हमें दुबारा सैन्टर्ल सरकार के पास जाने की आव यकता नही है। हमारी सरकार की प्रकिया पूरी हो चूकी है। इस बात को किसी अनय सदस्य ने नही उठाया, केवल भाम ोर सिंह जी ने जरूर उठाया हे कि अगर पंजाब वाले इस नहर को नही खोदने देते है तो आप कैसे खुदवाओगे? इस बात को हमारे मुख्यंमत्री जी से प्रधानमन्त्री जी ने पूछा है कि आपके पास इस पिशय पर क्या विचार हैं हमारे मुख्यमन्त्री जी से जवाब मांगा है और मुख्यमंत्री जी ने क्या कहा, यह कुछ नही पता। हमारे सदन को इस मसले पर गम्भीरता से सोचना हैं । आज पंजाब के अन्दर एक विशाकत वातावारण तेयार कर दिया है, स्वंय प्रका ा सिंह बादल और दूसरे पंथ के लोग आम जनता को उकसा रहे हैं । हम सब लोग इस चीज से अनभिज्ञ नहीं है। पंजाब के अन्दर तो ऐसी हालत हे कि किसी धार्मिक संस्था को सत्संग तक नहीं करने दिया जाता है और आप उनसे पानी की बात कर रहे है। वे तो मरने मारने के लिये तैयार है। हमें यह सोचना है कि इस विशय

पर हम क्या कर सकते है। और केन्द्रीय सरकार हमारी मदद क्या कर सकती है? यह वाटर ट्रीटी का सवाल है। यह इन्टरस्टेट डिस्प्यूठ है। हरियाणा और पंजाब का डिस्पयूट हैं पाकिस्तान के साथ भारत सरकार की ट्रिटी हुई है। सैन्टर ने एक फैसला किया कि पाकिस्तान को 110 करोड रूपया दे कर हम इतना पानी ले लेगेकं। उस पासनी को लेने के प चासत केन्द्रीय सरकार ने आलट कर दिया। जिस सरकार ने उस पानी को अलाट किया है वह उसकी जिम्मेदारी है कि उस फैसले को इम्पलीमैंट कराये। परन्तु आज हमारे प्रधानमंत्री अपने आपको इतना असहाय समझते है कि इस मसले पर मैं क्या कर सकता हूं। वे कहते हे कि अगर पंजाब नही दे सकता हे तो मेरे पास कौन सा अधिकार है। अगर वे इस तरह से कहगें तो बडी भारी मुि कल हो जाएगी। दे ा के अन्दर किसी भी राज्य के लिये एक बडा भारी मसला हो जाएगा। अगर पंजाब के अनुकूल कोई निर्णय होता है तो ठीक है वरना वे मानने के लिये तैयार नहीं है। यह तो वही बात है कि मीठी मीठी खा ली जाये और कडवी कडवी को ाूक दिया जोय लेकिन किसी राज्य की आकाक्षं के विरूद्यद्ध कोइ अवार्ड दिया जाये तो उसको इम्पलीमैंट किया जाना चाहिये। यह केन्द्रीय सरकार की जिम्मेदारी है ंयदि इस अवार्ड को नहीं माना जाता है तो प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी के समय जितने भी निर्णय किये गये है वे भी न माने जाये। सारे निर्णयों को री–ओपन किया जाये। अगर सारे मामले री–ओपन नहीं करना चाहते तो फिर इस अवार्ड को इम्पलीमैंट करने की जिम्मेदारी केन्द्रीय सरकार की है। उनको

कहनाचाहिये कि हम किसी तरह भी इस वाटर अवार्ड के मामले को री–ओपन नहीं होने देगे। हमारा भी दृढ़ नि चय होना चाहिये। इस विशय पर सारे सदन की भी यही राय है कि री–ओपन नहीं किया जाये। हमारे मुख्यमंत्री जी का भी स्टैन्ड रहना चाहिये, किसी भी धमकी में नही आना चाहिये और धमकी से इस मामले को री–ओपन नही करना चाहिये। क्या ध्मकी देना वही लोग जानते है। ताकत के बल पर किसी स्टेट को म ीनरी नहीं चल सकती। इसलिये मैं चाहता हूं कि सदन की तरफ से हमारी केन्द्रीय सरकार को और वि ोशकर हमारे प्रधानमंत्री को यह सन्दे ा पहुंचाया जाना चाहिये कि हरियाणा इस मामले को री–ओपन नहीं करना चाहते है। केन्द्रीय सरकार ने जो अवार्ड दिया है उसको दृढता के साथ लागू किया जाना चाहिये। यह इन्टर–नै ानल वाटर ट्रीटी का सवाल है। सैन्टर ने वह पानी दिलाया है। अगर. सैनटर ने नही दिलाया होता तो हम हरियाणा और पंजाब बैठकर इस बारे में फैसला कर सकते थे।

आदरणीय सभापति महोदय मै ंतो आपके जरिये गुजारि ा करूंगा एक मिसाल है वह अच्छे टैस्ट में तो नहीं है लेकिन मैं अर्ज करता हूं कि यह तो वह बात है कि भैंस के आगे बीन बजाई, भैंस मटर मटर करे जुगाली। जिसकों हम समझाना चाहते है वह तो इस प्रकार की भाशा समझने के लिये तैयार नही है। हमारा यह कर्तव्य है कि हम सैन्टर के साथ तो बात करें परन्तु पंजाब के साथ बैठ कर बात करने के लिये तैयार नहीं होना

चाहिये (इस समय श्री अध्यक्ष पदासीन हुये) पंजाब के साथ केन्द्रीय सरकार अलग से बात कर ले लेकिन हमारे सिंचाई और मुख्यमंत्री को पंजाब के साथि नहीं बैठना चाहिये। झगडा कहां पर है? अब सैन्टर के दरवाजे पर हैं सैंटर से हरियाणा सरकार को साफ कह देना चाहिये कि तुत दिला सकते हो तो दिलाओ नही तो कह दो कि हम उस उवार्ड को इम्पलीमैंट नहीं करवा सकते, हमारे पास कोई सैक ान नहीं है। उसको इम्पलीमैट करवाने की। उसके बाद लोग सोच लेगें कि क्या कुछ होना चाहिये। तो इसके लिये अगर वे यह जानना चाहे कि हमारे पास क्या अथोरिटी है तो हमें उन्हे बताना चाहियें कि उनके पास कोन सी अथोरिटी है। आज करोडों रूपया पंजाब सरकार सैंटर से ले रही है। ऐसी बात नहीं है कि पंजाब सरकार अपने पैरों पर खडी है। क्या सैन्ट्रल गवर्नमैंट उन्हे यह नहीं कह सकती कि हम बार–बार इस झगडे को नही उठायेगें, एक झगडे को रिओपन करने में चार सौ झगडे उठेगें। इसलिये जो हो चुका सो हो चुका। इस हिसाब से इस केस में भी जो हिस्सा जय हो चूका सो हो चुका और इसलिये सैन्टर की सरकार को यह कहना चाहिये कि अब जल्दी सै इसकों लागू करो वरना सैंटर की तरफ से जो ग्रान्टस वगैरा मिलती है , पंजाब के लिये वह सारी गग्रन्टस बन्द कर दी जाये। पंजाब को ओर बहुत सी सुविधाये सैंटर की तरफ से दी जाती है, वह सारी बन्द की दी जाये। अगर वे ऐसा नहीं कर सकते तो कह दें कि हमारे अन्दर दम नही है। फिर हमे सैन्ट्रल गवर्नमैन्ट के पास जाने का भी कोइ फायदा नही है।

चौधरी बीरेन्द्र सिंह (उचाना कलां): स्पीकर साहब, चौधरी रिजक राम, माननीय सदस्य द्वारा रावी–बयास के पानी मिलने के बारे में एडजर्नमैंट मो ान लाया गया। 1966 में हरियाणा बनने से पहले जा ेलडाई जारी थी उस समय हमारे मोजदूा मुख्यमंत्री चौधरी देवी लाल जी ने एक पम्फलेट निकलवाया था। मैं उस समय कालेज में स्टूडेन्ट था। हमारे दिलों में भी हरियाणा बनान की बात थी। मुझे बहुत अच्छी तरह से आज भी याद है कि उस पम्फलेट में यह लिखा हुआ था कि पंजाब का भठिन्डा डिसिट्रक्ट जिसमें इरीगे ान जो नहरों से होती है वह 72.5 थी। यानि वहां पर जो टोटल नहरों के पानी से जिस भूमि में फसल पैदा होती थी वह 72.5 थी ओर वह उस डिस्ट्रिक्ट में थी जो पंजाब का सबसे निचले नम्बर का था ओर इधर हरियाणा के अन्दर आप सुनकर हैरान होगें कि भूमि की सिंचाई में रेाहतक जिले का सब से उपर नमबर था जिसका टोटल 56 प्वायंट कुछ था। तो इससे इस बात का अन्दाजा लगाया जा सकता है कि उस वक्त में भी हरियाणा का वह जिला जिसमें सबसे ज्यादा सिंचाई होती हो पंजाब के उस जिले से जिमें सबसे कम सिंचाई होती हो कितना पीछे था। उस वक्त भी इसमें बडा भारी अन्तर था। जैसे मेरे साथी माननीय सदस्य चौधरी दलाल साहब ने बताया कि हरियाणा और पंजाब के जो खेतीहर आदमी है ,जो ,खेती करने वाले आदमी है उनमे कोई फर्क नही होता लेकिन यही वजह है आप देख लीजिये पंजाब तो 30 लाख टन गेंहू खरीदता है इसके दूसरी तरफ हरियाणा साढे नो लाख टन गेहूं खरीदता है। इससे

यह साफ जाहिर है कि हरियाणा और पंजाब में पानी का बंटवारा ाुरू से ही ठीक नही रहा। नै ानल वाटर कमी ान की पिछले 20 साल से तो यह जानकारी है कि दे ा मे ंजो कूल पानी है उसका 60 प्रति ात पानी जो पहाडोंसे बहकर आता है, वह समुन्दर में बेकार बह जाता है और सिर्फ 40 प्रति ात पानी ही ऐसा है जिसका भूमि की सिंचाई के लिये उपयोग होताह ं उसकी पालिसी के मुताबिक रावी से लेकर ब्रहमपुत्र तक के दरियाओं को जोडने का एक प्रोग्राम है। मैं समझ नही सकता कि जब इस तरह का प्रोग्राम हमारी केन्द्रीय सरकारने तय किया हुआ है तो इसमें क्या दिक्कत है कांग्रेस की सरकार ने जो प्रोग्राम तय किया था, उसमें यह कभी नही सोचा गया था कि कभी किसी स्टेट गवर्नमेंट की तरफ से उसे इस प्रेोग्राम को इम्पलीमैंट करने में कोई बाधा खडी की जाएगी। यह कभी भी सोचा नही गया थाकि कोई स्टेट गवर्नमैंट अपनी टैरीटरी में से नहर गूजरने नही देगी या कोइ गवर्नमैंट कोई नहर नहीं खुदने देगी। समस्या इस बात की नही है कि वह इसे खुदने देगे या नही। समस्या इस बात की हे कि उस इ ाु को री–ओपन न किया जाये। आज समस्या इस बात की है कि हरियाणा की सरकार सैंटर की सरकार से यह पूछे कि नहर आप कितने दिनो के अन्दर खुदवाना भाुरू करवा देगें। आपकी केन्द्रीय सरकार इस बात से सहमत है कि उसके पास कोइ अधिकार नही कि वे हरियाणा सरकार को यह अ योर करवा सकें कि इस नहर की खुदाई एक महीने के अन्दर–दो महीने के अन्दर या 6 महीने के अन्दर भाुरू करवा देगें। अगर

ऐसी बात है तो मैं समझता हूं कि केन्द्रीय सरकार बहुत निर्बल हैं। अगर केन्दीय सरकार इतनी निर्बल है तो आप अन्दाजा लगा सकते हे कि पंजाब केयहां से हरियाणा को कभी पानी नही मिलेगा। इसलिये मैं मुख्य मंत्री महोदय से और इस जनता सरकारसे, जिनके उपर जनता का वि वास था और जिन्होने एक नारा दिया था कि वे किसान के लिये काम करेगे, किसान के हित के लिये यह पार्टी काम करेगी, एक बात कहना चाहता हूं कि उन्हे केन्द्रीय नेताओं से यह साफ कह देना चाहिये कि हम एक डैड लाईन मांगते है कि इस डेट तक यह नहरखुदनी भ्ाुरू हो जायेगी। इहम यह चाहते है कि आप उन्हे यह कहे कि आप हमें एक डेट बता दें कि इस डैट तक हम नहर कीखुदाइ का काम भ्ाुरू करवा देगें। दूसरी बात यह है कि हमारे सिचाई मंत्री बार–बार यहां हाउस में यह कहते रहे कि हरियाणा और पंजाब के पानी के बारे में श्रीमती इन्दिरा गांधी का दिया हुआ यह अवार्ड इर्रिवोकेबल है , वह नैगोि ायेबल नही है। आज के अखबार से इस बात की समैल आती है कि हरियाणा की सरकार इस बात के लिये रजामन्द हो गई हैं कि उस अवार्ड को री–ओपन किया जाये। ऐसा लगता है कि उन्होने ऐसा मन बना लिया है कि उस अवार्ड को री–ओपन कर लिया जाये। अखबार के मुताबिक 100 करोड रूपया हरियाणा के किसान का इस पानी को लाने के लिये खर्च हुआ है। इससे हरियाणा के किसान को इतनी बडी परे ाानी हो रही है कि जिसकी कोई हद नहीं ं जब तक यह नहर नही खुदेगी तब तक हरियाणा के किसान की आर्थिक अवस्था या

सो ाल कन्डी ान इम्प्रुव नहीं होगी। आज वह यसह सोचता है कि कब कैरियार चैनल बने और कब उसका भविश्य बने। आज इस नहर के बनने पर ही हरियाणा के किसान का भविश्य निर्भर करता है। आज कल तो वहां पर पानी भरा हुआ है लेकिन सूखे के दिनों मे रोहतक से आता हुआ किसान जब अम्बाला के पास से गुजरात है तो वहां पर कोइ उएस `पानी नही दिखाई देता। मैं स्पीकर साहब, आपके द्वारासरकार को यह वि वास दिलाना चाहता हू कि हरियाणा की कांग्रेस पार्टी के जितने भी सदस्य है कांग्रेस पार्टी के जितने भी कार्यकर्ता है, वह एक जुट होकर मुख्यमंत्री और जनता सरकार के साथ उस लडाई में भागमिल होगे जिसमे हरियाणा के हक की मांग होगी क्योकि हरियाणा का भविश्य इसी पर निर्भर करता है । इस लडाइ में हम एक जुट हो कर उनका साथ देगें। अगर पंजाब सरकार कोई डरावा या थ्रैट दे सकती है तो हरियाणा के पास भी बहूत से तरीके है पंजाब की सरकार की इकोनोमी हरियसाणा के उपर निर्भर करती है। मैंयह बात जोर के साथ कहना चाहता हूं कि हम भी उनको थ्रैट दे सकते है। टिट फार टैट की पालिसी हमें अपनानी चाहिये। अगर कोई भाई हमें आखें दिखाता है तो उसके सामने अगर हम हाथ जोड कर खडे हो जाये तो उसका हमें कोई फायदा नही होगा। मैं सदन में सरकार का ध्यान इस बात की ओर दिलाना चाहता हूं कि हरियाणा को एक मजबूत ंस्टैन्ड लेना चाहिये। अगर पंजाब हमे पानी नहीं देता है तो हमारे पास भी बहुत सी ऐसी चीजे है जो हम उनकी बन्द कर सकते है। जैसे की हमारे मुख्य मंत्री दोस्ती

का दम भरते है, मैं अपने मुख्यमंत्री महोदय से यह कहना चाहता हूं कि ऐसी स्थिति आने से पहले ही हमारे मुख्यमंत्री को चायिे कि वह अपने बडे भाइै को यह समझायें कि जो ज्यादती हमारे साथ हब तक होती रही है कम से कम वे तो अब न करे। किसानों के लीडर चौधरी सर छोटूराम कभी यह नही सोचते थे कि यह पंजाव के किसान को फालतू पानी मिले या हरियाणा के किसान को फालतू पानी मिले, उनका तो एक ही वि वास था कि जो आदमी हल मुंठ पर हाथ रखता है, वह किसान है ओर उसको पानी मिलना चाहिये। मैं यह वि वास रखते हुये कि हरियाणा की सरकार और हरियाणा के आई0पी0एम0 साहब ने जो स्टैन्ड यहां पर आन दी फलोर आफ दी हाउस जिया है उसको नही बदलेगैं क्योकि उसे बदलना दुर्भागयपूर्ण होगा। आई0पी0एम0 साहब एक काबिल आदमी नजर आते है। मेरा विचार है कि वे मीटिगों में जाकर हरियाणा के काज को अच्छी तरह से रिप्रेजैन्ट करेगैं । धन्यवाद।

चौधरी लाल सिह(नारायणगढ़): स्पीकर साहब, मैं आपकी मारफत हरियाणा की जनता को बताना चाहता हूं और खासतौर से हरियाणा के जो चुने हुये लोग है उनको बताना चाहता हूं कि जनता को गुमराह करने के लिये जो इन लोगों ने आडम्बर रचे हुये है और जिस तरीके से यह नारे लगा रहे है कि उनसे हरियाणा की जनता गुमराह होने वाली नही है। इन लोगों को न किसी के मरने से कोई मतलब है न किसी के जीने कोई

मतलब है। जिस पार्टी का बाहर जो धरना हे पता नहीं उसका नाम आई है या गई है.....

श्री भाम ोर सिंहः स्पीकर साहब**********

श्री अध्यक्षः जो सबजैक्ट अन्डर डिसक ान है सिर्फ उस पर ही आप बोले।

चौधरी लाल सिंहः स्पीकर साहब, जब इन लोगो की हकूमत थी उस वक्त इन्होने लोगों के घरों के पानी के कन्क ान काट दिये थें इन लोगों ने.....

श्री अध्यक्षः जो विशय है आप उसी पर ही बोले।

चौधरी लाल सिंहः जिन लोगो ंने हरियाणा की जनता को सताया था जेलों में बन्द करके सताया था लोगोंकेपानी बिजली के कन्क ान काट दिये थे वे आज हरियाणा के लिए पानी मांग रहे है। उन लोगों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि इस तरह से ये हरियाणा की जनता को गु्मराह नही कर सकते। ये वही लोग है जिन्होने जनता के साथ बहुत जुल्म किए थे और आज ये सैकें टेरियट के सामने बेइे हैं मैं इनसे पूछना चाहता हूं कि ये लोग तीस साल तक क्या करते रहे। तीस साल तक अन्होने पानी का बन्दोबस्त क्यों नही किया। हमें तो अभी बारह ही महीने हुये है। हम तो इस अर्से से इनके जुल्मों के कागज भी इक्टठा नहीं कार पाए है।

इन्होने अपने समय में बडे गुनाह किये हैं। ये अगर ाीडा बहुत काम करते तो आज यह नोबत ना आती। इन्होने तो लोगों का पानी बन्द कर दिया था। जमीदारों को खत्म करने का इन्होने कात किया। मैं सदन को बतानाचाहता हूं कि हम पानी जरूर लेगें । हमारी पंजाब के साथ दोस्ती है और रहेगी। कोई आदमी हमें लडा नही सकता। दो भाई होते है वे घर में बैठ कर अपनी जमीन बांटते है और हम बैठ कर पानी बांटेगे। हमारे प्राईम मिनिस्टर बडी सूझ बुझ वाले आदमी है। इस में कोई दिक्कत नही आएगी। ये टेंट लगाकर और नारे लगाकर जनता को गूमरासह नही कर सकते। जो इन्होने जुल्म किए वे भी इनको पता लग जाएगें और आनेवाला समय बताएगा कि ये लोग क्या करते रहे है। यह जो पानी का मसल है यह मसला जरूर हल होगा क्योकि जनता सरकार ने एक ही नारा लगाया था पानी का प्रबन्ध और भ्रश्टाचार बन्द। हम इन बातों को पूरा करेगे।

Mr. Speaker: Now I call upon the Hon. Minister, Chaudhri Verender Singh.

एक आवाजः आप थोडा समय और बढा ले तो ठीक रहेगा।

श्री अध्यक्षः रूल्ज के मुताबिक इस पर दो घंटे के लिये डिस्क ान हो सकती हैं

सिंचाई तथा बिजली मंत्री (श्री बीरेन्द्र सिंह): स्पीकर साहब, चौधरी रिजक राम का ऐडजर्नमैट मो ान एडमिट हुआ और

सरकार ने बडी खु ाी के साथ उस पर बहस के लिये रजामंदी जाहिर की। स्वाभाविक है कि जिस मसले के साथ हरियाणा के लाखें लोगों की किसमत जुडी हुई हो उस मसले पर सरकार को बखु ाी हर बहस हर सदस्य के विचार सुनने के लिये तैयार रहना चाहिये और तैयार है। जहां तक कुछ सदस्यों ने अपने विचार रखे और अखबारों में कुछ ऐसाी खबरें आई उनसे कुछ भाक लोगों के मन में पैदा होना स्वाभाविक था। हालाकिं न पंजाब सरकार के किसी जिम्मेदार व्यक्ति का स्टेटमैंट है और न ही हरियाणा सरकार की तरफसे किसी जिम्मेदार व्यक्ति का स्टेटमैंन्ट है और न ही सैन्टर की तरफसे, इरिगे ान मिनिस्टरी की तरफ से कोई स्टेटमैंट है। लेकिन कुछ भाक पैदा हुआ और भााायद ाउसी के कारण आज लोगों में एक भ्रम पैदा हो गया है और उसी भांका के समाधान के लिये भााायद इस ऐडजर्नमेंन्ट मो ान की आव यकता पैदा हूई आपको पता हे कि इस पानी के बंटवारे का कार्य सबसे पहले 24 मार्च, 1976मे हुआ। और रि–आर्गेनाइजे ान एकट की जो दफा 78 है उसके तहत यह फैसला हूआ। रि–आर्गेनाइजे ान एक्ट की धारा 78 में एक धारा है जिसमें लिखा है कि अगर दो स्टेटस आपस में एग्री न करें तो सैन्ट्रल गवर्नमैट को अख्तियार है कि उस इ ाू को डिटरमिन करें, आर्डर पास करें। इस सैक ान के तहत फैसलों को जिमं यह बात लिखी है 'आर्डर' बोलते है। 24 मार्च 1976 के आर्डर के मुताबिक 7 एम0ए0एफ0 पानी में से 3.5 एम0ए0एफ0 पंजाब को दिया गया और 3.5एम0ए0एफ0 पानी हरियाणा के हिस्से में आया। आज कांग्रेस(आई) के नेता तथा राव

वीरेन्द्र सिंह बडी डींगें मारते है कि उन्होने यह किया उन्होने वह किया, हरियाणा के हकूक ही रक्षा करने वाले यही लोग हैं लेकिन अगर मैं खुलासा करूं तो मैं कह सकता हूं कि पानी के बारे मे तो आज इस सदन में इन लोगों को यह गर्व नही करना चाहिये बल्कि में तो कहूां कि इनको कुछ भारमाना चाहिये कि जो हक हमें मिलना चाहिये था वह खो बैठे है। 1960 में 15.85 एम0ए0एफ0 पानी गवर्नमैट आफ इंडिया ने पाकिस्तान से एक ट्रीटी में 110 करोड रूपये में खरीदा था और चाहे हरियाणा बनने के पहले या हरियाणा बनने के बाद जितनी भी कमेटियां मुकर्रर हुई हर कमेटी ने हमारा हिस्सा 3.5 एम0ए0एफ0 से ज्यादा मुकर्रर किया ओर इन लोगों ने 3.5 एम0ए0एफ0 पानी बान्ध कर रख दिया। स्पीकर साहब, अगर हमारे साथ इन्साफ होता, अगर हरियाणा की नीडज को देखते हुये इन्साफ किया जाता तो इससे कही अधिक पानी हमं मिलना चाहिय थां राव साहब पांच साल लोक सभा के मैंबर रहें, 24 मार्च 1976 का फैसला हुआ क्या इन्होने कभी इस नाइन्साफी के बारे में वहां कुछ कहा। क्या ये किसी एक दिन की प्रोसिडिंग्ज दिखा सकते हैं। लेकिन आज यह गर्व कर रहे है सिर्फ प्रोफेसर भोर सिंह ने एतराज किया कि 3.5 एम0ए0एफ0 जो पानी हरयिाणा को दिया गया है वह कम है मैने पन्द्रह दिन तक पार्लियामैंट की प्रोसिडिंग्स देखी है लेकिन मैंने नही देखा कि इन्होने कुछ कहा हो और आज ये कह रहे है कि सरकार आज कुछ कमजोर नजर आ रही है आज कांग्रेस(आई) के नेता यहां तम्बू गाडकर लोगो की हमदर्दी हासिल करना चाहते है।

मै ंबताना चाहता हूं कि लोगो ने इनका हिसाब किताब चुकता कर दिया था और अब वे इनके चंगूल में आने वाले नही है ंअब तम्बुओं में बैठकर जो ीले भाशण देने से लोग इनके चुंगल में आने वाले नही है। अब हरियाणा के लोग इतने बावले नहीं रहे है। जहां तक इस बात का ताल्लूक है कि जनता पार्टी की सरकार जो 21 जून, 1977 को हरयिाणा मे आई उसने इस पानी को लेने के लिये क्या किया, मै ंइस बारे मे ंराव वीरेन्द्र सिंह , चौधरी भाम ोर सिंह, चौधरी पोहलू सिह राव दलीप सिंह का इंवाइट करता हूं और रिकार्ड से साबित कर सकता हूं कि जिसदिन जनता पाट्री की सरकार बनी उसी दिन से इस पानी को लेने के लियें नहर की खुदाई के लिये हर तरीके से और अपनी काबलियत के मुताबिक पूरी कोि ा ा करते रहे है। कोई दिन ऐसा नही था कि जब हमने इसके लिये कोि ा ा न की हो। राव साहब आप तो चीफ मिनिस्टर रहे है पर बडे अफसोस की बात है कि वे जो नोटीफिके ान जारी की गई है उसको रददी कागज बोलते है। उनको यह पता होना चाहिये कि नोटीफिके ान सरकार द्वारा जारी की जाती है। इस काम के लिये हमारी लगन थी, हम पीछे पडे हुये थे कि हमने यह काम करना है, इसीजिये पांच किलोमीटर का नोटीफिके ान जारी किया गया (ाोर)। मैं फिर यह कहता हूं कि राव साहब जैसे जिम्मेवार व्यक्ति का`नोटीफिके ान को रद्दी कागज कहना भाोभा नहीं देता। सैक ान चार का नोटीफिके ान था और जैसे ही हमें इस बात का आभास हुआ कि अगर हम इस प्रकार चले तो हो सकता है कि भाायद हरियाणा के लोगों को

पानी मिलने में देरी हो जाये तो हमने फौरी तौर पर मैंटर को टेकअप किया और सैन्ट्रल गवर्नमैट के पास उसी वक्त इमदाद के लिये पहुचें। इस बात से आप सब लोग परिचित है। मुझे इस बारे में और बताने की आव यकता नही हैं

राव बीरेन्द्र सिंहः जब नोटीफिकि ान ठीक था तो फिर उनके पास क्यों गये थे?

श्री वीरेन्द्र सिंहः राव साहब को यह बता देना चाहता हूं कि 26 तारीख को एक मीटिंग प्राइम मिनिस्टर साहब से हो चुकी है और दूसरी मीटिंग 2 तारीख को ढाई बजे प्राइम मिनिस्टर साहब के साथ होने जा रही है और प्राइम मिनिस्टर साहब ने हतें यह पूरा वि वास दिलाया है कि उस दिन वे हमें पूरा बोलने का समय देगे ओर हमें अपने आदरणीय प्राइम मिनिस्टर पर यह वि वास है कि हरियाणा का हक हमें अव य दिलायेगें। मैं आपकों बता देता हूं कि हमारे हरियाणा का जो पहले स्टैंड था, वही अब है, और उसी पर हम कायम है। हमें पूर्ण आ ाा है कि प्राइम मिनिस्टर साहब पूरा इन्साफ करेगें और उसको पूरा उतारेगें। और जो थींडैम का मसला था वह 25 साल से उलझा हुआ था जो कि अब जनता सरकार को हल करना पडा और वह भी हमारे प्राइम मिनिस्टर साहब ने न केवल एक दिन में उसका हल करके दिखा दिया। इसी प्रकार जो नर्वदा पानी का मामला था, वह भी लटका आ रहा था ओर अब वह मामला हमारी जनतासरकार हल करने का प्रयत्न कर रही है। स्पीकर साहब, 24

मार्च, 1976 से लेकर एक साल तक कांग्रेस आई के लोग हकूमत करते रहे, तो उनहोने इस दौरान में क्या किया? अब हम से वे पूछते है कि जनता सरकार ने क्या किया हम उनसे पूछते है कि जब दोनो प्रान्तों में कांग्रेस की सरकारे थी तो उन्होने उस वक्त इस बात का निपटारा क्यो नही करवाया, अगर ये चाहते तो पंजाब के पो र्ान से नहर निकलवा सकते थे लेकिन इन्होने कुछ नही किया और न ही किसी और को कुछ करने दिया ओर न ही कन्ट्री को सही ढंग से आगे बढने दिया लेकिन आज मैं सदन को इतना वि वास दिलाता हूं कि जनता पार्टी की सरकार हरियाणा के लोगो के साथ बे इन्साफी नहीं होने देगी।

श्री अध्यक्षः मैंबर सहिबान, पिछले दोघंटे से इस एडजर्नमैंट मो न पर जो कि चौधरी रिजक राम जी ने पेश्ज्ञ किया जो डिस्क ान हुआ है उससे साफ जाहिर है कि हाउस में all shades of opinion और हाउस के सब सैक ाजन इस मामले के उपर बहुत एजीटेटिड है। इसलिये में सरकार से यह अनुरोध करूंगा कि जो हाउस की फीलिग्जं है वह सैन्ट्रल–गवर्नमैंनट तक कनवे करे। इसके साथ में एक और अनाउसमैंट करना चाहता हूं कि भाायद यह फीजिंग हो गई हो कि चौधरी रिजक राम जी का एडजर्नमेंट मो ान एडमिट हुआ है। इसी तरक का एडजर्नमैंट मो ान राव बीरेन्द्र सिंह जी ने भी सबमिट किया था जो किसी ओवर साईट की वजह से जब मैं हाउस मे ंआया मेरे सामने पे ा

नही हुआ था। तो मै ंयह भी चाहूंगा कि इस एडजर्नमैंट मौ ान के साथ राव वीरेनद्र सिंह जी का नाम भी एसोसिऐट किया जाये।

Mr. Speaker: Now th eHouse stands adjourned till 2-00 P.M tomorrow the 29th August, 1978.

17.45 बजे

(The sabha then adjouned till 2-00 P.M.on Tuesday, the 29th August, 1978.)